Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर , वर्ष 19,अंक -51 बुधवार ,21 दिसम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

हमारा देश सबसे ज्यादा विश्वास अंधविश्वासों पर करता है।
-जवाहरलाल नेहरू-

## संक्षिप्त खबरें

### पाकिस्तान के 25 सिपाहियों को ढेर करने वाले पूर्व जवान भैरों सिंह का निधन



**नई दिल्ली,20 दिसम्बर 2022(ए)।** 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में अदम्य साहस और असाधारण वीरता दिखाने वाले सीमा सुरक्षा बल के पूर्व जवान भैरों सिंह राठौड़ का 81 साल की आयु में जोधपुर में निधन हो गया। सीमा सुरक्षा बल ने ट्वीट किया कि जांबाज भैरों सिंह राठौड़ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर में अंतिम सांस ली।

### ताजमहल को करना होगा 1.9 करोड़ रुपए का भुगतान



**पैसे नहीं देने पर हो सकती है कुर्की**

**आगरा ,20 दिसम्बर 2022(ए)।** आगरा नगर निगम ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को नोटिस भेजकर ताजमहल पर जल कर के रूप में 1.9 करोड़ रुपये और संपत्ति कर के रूप में 1.5 लाख रुपये का भुगतान करने को कहा है। बिल वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के हैं। एएसआई को 15 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया है। ऐसा न करने पर संपत्ति (ताजमहल) को 'अटैच' करने की बात कही गई है।

### चीन को मिलेगा करारा जवाब,भारतीय सेना को मिलेगी बैलिस्टिक मिसाइल



**नई दिल्ली,20 दिसम्बर 2022(ए)।** भारतीय सेना की ताकत और बढ़ने वाली है। इंडियन आर्मी को 'प्रलय' बैलिस्टिक मिसाइल मिलने जा रही है। यह मिसाइल 150 से 500 किलोमीटर तक के लक्ष्य को भेद सकती है। 150 से 500 किमी की रेंज के साथ, 'प्रलय' में सॉलिड प्रोपेलेंट वाला रॉकेट मोटर लगा है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि भारतीय रक्षा बलों ने मिसाइल के लिए जो प्रस्ताव भेजा था वह अब एडवांस स्टेज में है। इस सप्ताह एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान इसे मंजूरी दिए जाने की संभावना है। इस मिसाइल के हमले को इंटरसेप्टर मिसाइल भी नहीं तोड़ पाएगी।
यह हवा में कुछ रेंज तक अपनी रास्ता खुद बदलने में सक्षम है। प्रलय मिसाइल को मोबाइल लॉन्चर से लॉन्च किया जा सकता है।

# शराब कांड में नीतीश सरकार छिपा रही तथ्य



» राष्ट्रपति शासन लगाएं
» जहरीली शराब कांड पर संसद में बहस,
» एनएचआरसी की टीम करेगी दौरा

**नई दिल्ली,20 दिसम्बर 2022(ए)।**
लोकसभा में मंगलवार को भाजपा सदस्यों ने बिहार में जहरीली शराब से हुई मौतों का मुद्दा उठाया और राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग की। जदयू ने मानवाधिकार आयोग से जांच का विरोध किया है। बिहार के पटना साहिब से भाजपा के लोकसभा सदस्य एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने मंगलवार को शून्य काल में मुद्दा उठाते हुए कहा कि छपरा में जहरीली शराब से मरनेवालों का पोस्टमार्टम भी नहीं कराया गया।
उन्होंने इसे मानवाधिकार का उल्लंघन बताया। उन्होंने मांग की कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग को राज्य का दौरा कर जांच करनी चाहिए, क्योंकि मरने वालों में से कई कम आयु के भी थे। दो अन्य सदस्यों भाजपा के जनार्दन सिंह तथा लोजपा के चिराग पासवान ने भी आरोप लगाया कि बिहार सरकार कुछ तथ्य छिपा रही है।
उन्होंने कहा कि छपरा में मरनेवालों की संख्या रोज बढ़ रही है और राज्य सरकार अब तक कोई सख्त कदम उठाने में विफल रही है। उन्होंने राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग की। इसके बाद भाजपा और जदयू के सदस्यों ने एक दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। उधर प्रेट्र के मुताबिक जदयू के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बिहार में जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत के मामले में जांच करने की बात की है जो संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग है। उन्होंने सदन में शून्यकाल के दौरान यह विषय उठाया। भाजपा के कुछ सदस्यों ने उनकी बात का विरोध किया और फिर दोनों के बीच नोकझोंक देखने को मिली।बता दें कि नीतीश सरकार ने जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या 38 बताई है, जबकि भाजपा नेताओं ने दावा किया है कि सौ से अधिक लोगों की मौत हुई है।



### जहरीली शराब मामले में केंद्र ले संज्ञानः चिराग

लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष व सांसद चिराग पासवान ने भी मंगलवार को जहरीली शराब पीने से हुई लोगों की मौत के मामले में महागठबंधन सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने और सीबीआई जांच की मांग केंद्र सरकार से की। लोकसभा में मंगलवार को शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए चिराग ने कहा कि मैं बिहार को बचाने की गुहार लेकर इस सदन में आया हूं।
उन्होंने कहा कि जहरीली शराब के कारण लोगों की लगातार मौत हो रही है। सरकार इस घटना को दबाने का प्रयास कर रही है। केंद्र सरकार स्वतः इस मामले में संज्ञान ले और बिहार में राष्ट्रपति शासन लागू करे। चिराग ने एक न्यूज चैनल के स्टिंग ऑपरेशन की चर्चा करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में सभी को इस बात की जानकारी है कि शराबबंदी के बावजूद किस प्रकार से हर जगह शराब बेची जा रही है।
उन्होंने कहा कि इसके बावजूद महागठबंधन के नेता इस विषय पर खामोश हैं, क्योंकि इसमें उनकी संलिप्तता है। प्रदेश में शराबबंदी कानून सिर्फ नाम मात्र का रह गया है। चिराग पासवान ने मृतकों के आश्रितों को 25-25 लाख रुपये का मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग भी की।

# भाजपा पर खड़गे के विवादित बयान से संसद में बड़ा हंगामा

**नई दिल्ली,20 दिसम्बर 2022(ए)।**
कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हमने देश को आज़ादी दिलाई और देश की एकता के लिए इंदिरा और राजीव गांधी ने अपनी जान की क़ुर्बानी दी। हमारे पार्टी के नेताओं ने अपनी जान दी, आपने क्या किया? आपके घर में कोई देश के लिए कुत्ता तक मरा है? क्या किसी ने कोई क़ुर्बानी दी है? नहीं इस बयान पर मलिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वह राजनीतिक रूप से सदन के बाहर थे भीतर नहीं। उस पर यहां चर्चा करने की जरूरत नहीं है। मैं अभी भी कह सकता हूं कि स्वतंत्रता संग्राम में उनकी कोई भूमिका नहीं थी। स्वतंत्रता संग्राम के समय कोई भी आरएसएस का आदमी जेल नहीं गया था।आज़ादी के समय माफ़ी मांगने वाले लोग आज़ादी के समय लड़ने वाले लोगो से माफ़ी मांगने के लिए कह रहे है।आज़ादी के समय आप सबका का कोई योगदान नहीं था।




कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी ने चीन का मुद्दा उठाया तो सरकार उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रही है। लेकिन सरकार जवाब देना नहीं चाहती है। संसद में सरकार चर्चा से भाग रही है। उन्होंने कहा कि सीमा पर लगातार समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी 18 बार चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिले। झूला भी झुलायाज लेकिन फिर भी सीमापर लगातार घुसपैठ हो रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम चाइना पर सदन में बात करना चाहते हैं। लोकसभा में, राज्यसभा मेंज्हम नोटिस देते हैं। लेकिन सरकार चर्चा को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि चीन जो अतिक्रमण कर रहा है। इसके लिए समय नहीं दिया।
इससे पहले खरगे ने गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रावण बताया था। उन्होंने कहा था, पीएम मोदी हर वक्त अपनी बात करते हैं। हर मुद्दे पर कहते हैं कि मोदी की सूरत को देखकर वोट दें। उन्होंने कहा, 'तुम्हारी सूरत कितनी बार देखें। पार्षद चुनाव में तुम्हारी सूरत देखें, एमएलए चुनाव (विधानसभा) में भी तुम्हारी सूरत देखें, एमपी चुनाव (लोकसभा) में भी तुम्हारी सूरत देखें। हर जगह आपका ही चेहरा देखें, कितने चेहरे हैं आपके, क्या आपके रावण की तरह 100 मुख हैं क्या?



### हाईकोर्ट ने दुष्कर्म,हत्या मामले में मुआवजा देने में देरी पर तृणमूल सरकार की खिंचाई की

**कोलकाता ,20 दिसम्बर 2022(ए)।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (एसएलएसए) को सोमवार को एक नाबालिग लड़की के परिवार के सदस्यों को मुआवजे के भुगतान में देरी को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव के गुस्से का सामना करना पड़ा। इस साल अप्रैल में नदिया जिले के हंसखाली में नाबालिग लड़की की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। इस मामले में एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए श्रीवास्तव ने कहा कि इस संबंध में अदालत के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद पीड़ित परिवार को आज तक न्यूनतम मुआवजा भी नहीं दिया गया है।
उन्होंने मामले में सुनवाई की तारीखों को स्थगित करने के लिए बार-बार अपील करने पर एसएलएसए की भी आलोचना की।

# फेक न्यूज प्रसारित करने वाले 3 यूट्यूब चैनलों का पदार्फाश

**नई दिल्ली,20 दिसम्बर 2022(ए)।** भ्रामक एवं फर्जी खबर फैला रहे लाखों सब्सक्राइबर वाले 3 यूट्यूब चैनलों पर केंद्र सरकार ने सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए उनका पदार्फाश किया है। ये यूट्यूब चैनल भारत के सर्वोच्च न्यायालय, भारत के मुख्य न्यायाधीश और भारत के प्रधानमंत्री को लेकर फेक न्यूज प्रसारित कर रहे थे। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पीआईबी विभाग ने ये जानकारी दी है। मंत्रालय ने बताया कि उनकी फैक्ट चैक यूनिट ने 40 से अधिक तथ्य-जांच की एक श्रृंखला में तीन यूट्यूब चैनलों का भंडाफोड़ किया है, जो भारत में गलत सूचना फैला रहे थे। इन चैनलों के लगभग 33 लाख सब्सक्राइबर थे और उनके वीडियो, जिनमें से लगभग सभी झूठे पाए गए, को 30 करोड़ से अधिक बार देखा गया था। इन यूट्यूब चैनल के नाम न्यूज हेडलाइन्स, सरकारी अपडेट और आजतक लाइव हैं।




मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक इन यूट्यूब चैनलों में दावा किया जा रहा था कि मुख्य न्यायाधीश के आदेशानुसार चुनाव बैलट पेपर से होंगे। एक वीडियो में कहा गया कि मुख्य न्यायाधीश ने प्रधानमंत्री के खिलाफ कड़ी कारवाई की है और उन्हें दोषी घोषित किया है। कुछ वीडियो में ये यूट्यूब चैनल भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय, भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश, सरकारी योजनाओं, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, कृषि ऋण माफी आदि के बारे में झूठे और सनसनीखेज दावे फैला रहे थे।
अधिकारी ने ये भी बताया कि यह पहली बार है जब पीआईबी ने झूठे दावों को फैलाने वाले पूरे यूट्यूब चैनल का पदार्फाश किया है।



# चीन को टक्कर देने की तैयारी में जुटी भारत सरकार

**नई दिल्ली,20 दिसम्बर 2022(ए)।** एलएसी पर चीन की लगातार घुसपैठ और तवांग जैसी घटनाओं से निबटने के लिए केंद्र सरकार अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास कर रही है। बीआरओ सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ अहम ढांचागत विकास कार्यों में लगा हुआ है। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश के सभी सीमावर्ती गांवों में बेहतर नेटवर्क के लिए सरकार सभी सड़कों को जोड़ने की योजना बनाई है।
सरकार की योजना है कि इन क्षेत्रों का इंफ्रास्ट्रक्चर जल्द से जल्द बेहतर किया जाए ताकी जरूरत पड़ने पर सेना की हर तरह की सहायता दी जा सके। इसी कड़ी में सीमा सड़क संगठन पश्चिमी असम और पश्चिमी आंध्र प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में सभी सड़क नेटवर्क विकसित कर रहा है। प्रोजेक्ट वर्तक के मुख्य अभियंता ब्रिगेडियर रमन कुमार ने बताया कि दो सुरंगें सेला और नेचिपु का तेजी से निर्माण किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण वाहनों की आवाजाही में काफी मुश्किल होती है।

# शिक्षक की पिटाई से मासूम छात्र की मौत

**गदग ,20 दिसम्बर 2022(ए)।** कर्नाटक के गदग जिले में एक शिक्षक की क्रूरता सामने आई है जिसने शिक्षक जैसे पेशे को शर्मशार कर दिया है। उन्होंने हैवानियत की सारी हदें पार कर एक बच्चे की जान ले ली। शिक्षक ने चौथी कक्षा के छात्र को लोहे की रॉड से पीट-पीटकर मार डाला । आलम यह कि इसी स्कूल में शिक्षिका के तौर पर काम करने वाली बच्चे की मां ने उसे बचाने की कोशिश की, तो सनकी शिक्षक ने उन्हें भी घायल कर दिया। आरोप यह है कि छात्र की लोहे के रॉड से पिटाई करने के बाद सनकी शिक्षक ने उसे खिड़की से नीचे फेंक दिया। आरोपी शिक्षक का नाम मुथप्पा हडगली बताया जा रहा है।



### बेटे को बचाने के प्रयास में मां भी घायल

पुलिस के अनुसार, यह घटना नरगुंड तालुक के हदली गांव में हुई, जहां मुथप्पा हडगली ने कथित तौर पर 10 साल के भरत पर लोहे की रॉड से हमला किया और फिर उसने बच्चे को इमारत की पहली मंजिल से फेंक दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी शिक्षक ने भरत की मां गीता बारakera को भी पीटा, जो स्कूल में एक संविदा शिक्षिका है और अपने बेटे को बचाने गई थी।

# लश्कर के तीन आतंकी ढेर

**श्रीनगर ,20 दिसम्बर 2022(ए)।** जम्मू और कश्मीर के शोपियां में मंगलवार सुबह हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबालों ने 3 आतंकियों को मार गिराया है. मारे गए तीनों आतंकी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े थे. पुलिस ने कहा कि मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले के मुंझ मार्ग इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ के बाद लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए.



एडीजीपी कश्मीर ने कहा कि मारे गए 3 स्थानीय आतंकवादियों में से 2 की पहचान हो गई है. एक आतंकी की पहचान शोपियां के लतीफ लोन के रूप में हुई है ङ्क जो एक कश्मीरी पंडित पुराण कृष्ण भट की हत्या में शामिल था. दूसरा आतंकी अनंतनाग का उमर नजीर नेपाल के तिल बहादुर थापा की हत्या में शामिल था. आतंकियों के पास से 1 एके 47 राइफल और 2 पिस्तौल बरामद हुई. तीसरे आतंकी की पहचान जारी है.

### कई हत्याओं में शामिल थे आतंकी

कश्मीर जोन पुलिस ने एक ट्वीट में कहा, प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर ए तैयबा से जुड़े 03 आतंकवादी मारे गए. पहचान की जा रही है. आगे की जानकारी दी जाएगी.÷
इससे पहले एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि सुरक्षाबलों ने शोपियां में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया था जिसके बाद वहां आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई.
अधिकारी ने कहा कि शोपियां जिले के जैनापोरा के मंज मार्ग इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, 1आरआर, 178 सीआरपीएफ और अन्य बलों ने मोर्चा संभाला.

# नए साल की शुरुआत से बैंक लॉकर को लेकर नए नियम होंगे लागू

**नई दिल्ली,20 दिसम्बर 2022(ए)।** नए साल की शुरुआत होने वाली है। ऐसे में अगर आपका किसी बैंक में लॉकर है या आप लॉकर लेने का प्लान कर रहे हैं तो ये खबर आपके लिए ये खबर बेहद जरूरी है। दरअसल, बैंक लॉकर लेकर बनाए गए नियमों में से कई में बदलाव होने जा रहे हैं, जो एक जनवरी 2023 से दिखाई देने लगेंगे। आरबीआई की संशोधित अधिसूचना के मुताबिक, नए नियम लागू होने के बाद बैंकों की मनमानी पर लगाम लगेगी और साथ ही कस्टमर्स को नुकसान की स्थिति में अपनी जिम्मेदारी से मुंह नहीं फेर सकेगा।

### बैंक एसएमएस भेज दे रहे जानकारी

भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक समेत देश के अन्य बैंक अपने कस्टमर्स को इन बदलावों की जानकारी दे रहे हैं। ये बैंक अपने ग्राहकों के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एसएमएस के जरिए नए नियमों की जानकारी साझा कर रहे हैं। इनमें कहा जा रहा है कि एक 1 जनवरी 2023 तक मौजूदा लॉकर ग्राहकों के साथ लॉकर एग्रीमेंट रिन्यू किया जाएगा। ऐसे में बैंक लॉकर ग्राहकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्होंने नए एग्रीमेंट पर साइन किया है। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के मैसेज में लिखा है कि 'आरबीआई गाइडलाइंस के मुताबिक न्यू लॉकर एग्रीमेंट 31 दिसंबर 2022 से पहले एक्जीक्यूट किया जाना है।



### 1 जनवरी से दिखेंगे ये बदलाव!

भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से कहा गया है कि नए नियमों के तहक बैंकों को खाली लॉकरों की लिस्ट और वेटिंग लिस्ट दिखानी जरूरी होगी। इसके अलावा बैंकों के पास लॉकर के लिए कस्टमर्स से एक बार में ज्यादा से ज्यादा तीन साल का किराया लेने का अधिकार होगा। सबसे बड़ी बात यह कि किसी ग्राहक को नुकसान होने की स्थिति में बैंक की शर्तों का हवाला देकर अब मुकरा नहीं जा सकेगा, बल्कि ग्राहक की पूरी भरपाई हो सकेगी।

### शर्तों का हवाला देकर नहीं मुकर सकेंगे बैंक

गौरतलब है कि आरबीआई के संशोधित नियमों के मुताबिक, बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके द्वारा कराए गए लॉकर एग्रीमेंट में कोई अनुचित शर्त तो शामिल नहीं हैं, जिससे ग्राहक को नुकसान होने पर बैंक आसानी से किनारा कर सके। दरअसल, आरबीआई ने बैंक ग्राहकों के हितों की सुरक्षा के लिए नियमों में ये चेंज किया है. कई बार देखने को मिलता है कि बैंक एग्रीमेंट में दर्शायी गई शर्तों का हवाला देते हुए अपनी जिम्मेदारियों से किनारा कर लेते हैं।

### लॉकर एग्रीमेंट को ऐसे समझें

लॉकर एग्रीमेंट को आसान शब्दों में समझने के लिए पंजाब नेशनल बैंक के करार को देखते हैं। इसके मुताबिक किसी ग्राहक को लॉकर आवंटित करते समय, बैंक उस ग्राहक के साथ एक एग्रीमेंट करता है. इसके तहत जिस ग्राहक को लॉकर दिया जाता है, वो विधिवत मुहर लगे कागज पर ये समझौता करता है। दोनों पार्टी द्वारा हस्ताक्षरित लॉकर समझौते की एक प्रति लॉकर को किराए पर लेने वाले, जबकि ओरिजनल कॉपी उस बैंक की शाखा के पास रहती है, जिसमें दिया गया लॉकर मौजूद होता है।

### बैंक ग्राहकों को मुआवजा देगा

आरबीआई रूल्स के अनुसार, बैंक की लापरवाही के चलते लॉकर में रखी सामग्री के किसी भी नुकसान के मामले में बैंक भुगतान करने के पात्र होंगे। आरबीआई के मुताबिक, बैंकों की जिम्मेदारी है कि वे परिसर की सुरक्षा के लिए सभी कदम उठाएं, जिसमें लॉकर हैं। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी बैंक की है कि नुकसान आग, चोरी/डकैती, इमारत का गिरना बैंक के परिसर में उसकी अपनी कमियों, लापरवाही और किसी चूक/कमीशन के कारण नहीं होता है। वहीं संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार, बैंक प्राकृतिक आपदाओं या भूकंप, बाढ़, बिजली गिरने या आंधी-तूफान जैसी ईश्वरीय गतिविधियों या ग्राहक की एकमात्र गलती या लापरवाही के कारण किसी भी तरह के नुकसान या लॉकर सामग्री के नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। इसके अलावा दिन खत्म होने से पहले बैंकों को ग्राहक की ईमेल आईडी या फिर उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर अलर्ट भेजना जरूरी होगा, जिसमें उन्हें अनधिकृत लॉकर एक्सेस की स्थिति में दिनांक, समय और संभावित उपाय के बारे में जानकारी देनी होगी।

## संपादकीय

### बदले बदले दिखे ममता के तेवर

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी के तेवर सचमुच बदल गए हैं। वे पांच दिसंबर को दिल्ली में प्रधानमंत्री की मीटिंग में शामिल हुईं और अब केंद्रीय गृह मंत्री के साथ उत्तर पूर्वी जोनल कौंसिल की बैठक में भी शामिल हुईं। प्रधानमंत्री तक के कार्यक्रमों से दूरी बना कर रखने वाली ममता न सिर्फ अमित शाह के साथ बैठक में शामिल हुईं, बल्कि उनका शानदार स्वागत किया। अमित शाह को पटका पहना कर स्वागत करते और उनका हाथ पकड़ कर बात करती हुई उनकी फोटो जारी हुई। अमित शाह के साथ खाना खाते हुए भी उनकी फोटो जारी हुई।

इतना ही नहीं, बैठक के बाद वे अमित शाह को राज्य सचिवालय नबन्ना के अपने कार्यालय में भी ले गईं। दोनों एक साथ वीवीआईपी लिफ्ट से ममता के कार्यालय में पहुंच और दोनों के बीच कोई 15 मिनट की बातचीत हुई। बताया जा रहा है कि ममता ने मनरेगा और दूसरे फंड के बकाया पैसे के लिए अमित शाह को कहा। लेकिन यह गढ़ी हुई बात है। हालांकि कौंसिल की बैठक में ममता ने बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र का मुद्दा उठाया और कहा कि राज्य के लोग इससे परेशान हैं। लेकिन उन्होंने अमित शाह के प्रति पूरा सद्भाव दिखाया।

# क्या आरटीआई अधिनियम अपने उद्देश्य को पूरा कर रहा है?

सरकार से पर्याप्त धन प्राप्त करने वाले कई निकायों के साथ-साथ सभी सरकारी विभागों को आरटीआई मुद्दों के तहत लाया गया है। इस अधिनियम की सुंदरता इसकी सादगी है। लेकिन, कुछ राज्यों में जटिल प्रारूप या नियम लोगों के लिए बाधा उत्पन्न करते हैं। सूचना आयोगों में बड़ी संख्या में रिक्तियां हैं, जिसका अर्थ है कि अपील और शिकायतें लंबित रहती हैं। अप्रशिक्षित कर्मचारी और जन सूचना अधिकारियों (पीआईओ) का असहयोगी समूह। कई आयुक्त खुलकर अपने राजनीतिक झुकाव का इजहार करते देखे गए हैं। यह याचिकाकर्ताओं के बीच पक्षपात की भावना पैदा करता है। अधिनियम के अंतर्गत सभी संस्थानों को शामिल नहीं किया जा रहा है। आरटीआई के बारे में जागरूकता अभी बहुत कम है। जागरूकता का स्तर विशेष रूप से वंचित समुदायों जैसे महिला ग्रामीण आबादी, ओबीसी/एससी/एसटी आबादी के बीच कम है। आरटीआई शासन के फलने-फूलने के लिए एक मजबूत राजनीतिक व्यवस्था जरूरी है। केंद्रीय और राज्य सूचना आयुक्तों को किसी भी राजनीतिक प्रभाव से दूर रखने के लिए एक आचार संहिता विकसित की जानी चाहिए।

आरटीआई अधिनियम, 2005 सभी सार्वजनिक प्राधिकरणों के कामकाज से संबंधित जानकारी तक पहुंच प्रदान करके लोगों को नीति निर्माण प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकार देता है। कार्यकर्ताओं, वकीलों, नौकरशाहों, शोधकर्ताओं और पत्रकारों सहित विभिन्न वर्ग के नागरिक पंचायत स्तर से लेकर संसद तक सभी प्रकार के भ्रष्टाचार का पता लगाने के लिए आरटीआई का उपयोग कर रहे हैं। सूचना का अधिकार अधिनियम का मूल उद्देश्य नागरिकों को सशक्त बनाना, सरकार की कार्यशैली में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना, भ्रष्टाचार को रोकना तथा हमारे लोकतंत्र को सही मायने में लोगों के लिए कार्य करने वाला बनाना है। यह स्पष्ट है कि सूचना प्राप्त नागरिक शासन के साधनों पर आवश्यक नजर रखने के लिए बेहतर रूप से तैयार होता है और सरकार को जनता के लिए और अधिक जवाबदेह बनाता है। यह अधिनियम नागरिकों को सरकार की गतिविधियों के बारे में जागरूक करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

अधिकांश आरटीआई आवेदन ऐसे लोगों द्वारा दायर किए जाते हैं जो अपने मूल अधिकारों और अधिकारों के बारे में पूछ रहे हैं। तो इसने उस हद तक अपने उद्देश्य को पूरा किया है। भ्रष्टाचार विरोधी लोगों ने यह जानने के लिए आरटीआई कानून का इस्तेमाल किया है कि करदाताओं के पैसे के साथ क्या हो रहा है। इससे उन्हें आदर्श, कॉमनवेल्थ गेम्स और व्यापम जैसे बड़े घोटालों का पर्दाफाश करने में मदद मिली है। अनुमान के मुताबिक हर साल करीब 60 लाख आवेदन दाखिल किए जा रहे हैं। इसका उपयोग नागरिकों के साथ-साथ मीडिया द्वारा




भी किया जाता है। वे मानवाधिकारों के उल्लंघन का पर्दाफाश करने में भी सक्षम रहे हैं, और फिर उन मामलों में भी जवाबदेही तय करने में सक्षम रहे हैं। प्रत्येक नागरिक को अधिनियम के तहत सार्वजनिक प्राधिकरणों से सूचना का दावा करने का अधिकार है। इससे जनता की सक्रिय भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत हुआ।

सरकार से पर्याप्त धन प्राप्त करने वाले कई निकायों के साथ-साथ सभी सरकारी विभागों को आरटीआई मुद्दों के तहत लाया गया है। इस अधिनियम की सुंदरता इसकी सादगी है। लेकिन, कुछ राज्यों में जटिल प्रारूप या नियम लोगों के लिए बाधा उत्पन्न करते हैं। सूचना आयोगों में बड़ी संख्या में रिक्तियां हैं, जिसका अर्थ है कि अपील और शिकायतें लंबित रहती हैं। अप्रशिक्षित कर्मचारी और जन सूचना अधिकारियों (पीआईओ) का असहयोगी समूह। कई आयुक्त खुलकर अपने राजनीतिक झुकाव का इजहार करते देखे गए हैं। यह याचिकाकर्ताओं के बीच पक्षपात की भावना पैदा करता है। अधिनियम के अंतर्गत सभी संस्थानों को शामिल नहीं किया जा रहा है। उदा. न्यायपालिका अधिनियम के अधीन नहीं है। आरटीआई के कार्यान्वयन के लिए पीआईओ को आवेदक को फोटो कॉपी, सॉफ्ट कॉपी आदि के माध्यम से जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता होती है। ये सुविधाएं ब्लॉक और पंचायत स्तर पर उपलब्ध नहीं हैं।

इस कानून के बारे में जागरूकता की कमी और व्यापक रूप से अपनाने की कमी आज भी है।

150 शब्दों के भीतर आरटीआई आवेदन वाले कुछ राज्य है वहां विशेष रूप से उन लोगों के लिए जिन्हें औपचारिक शिक्षा का लाभ नहीं मिल सकता है। जन सूचना अधिकारी इस तरह के शब्दों का प्रयोग करते है कि विभाग के पास जानकारी नहीं है। आरटीआई अधिनियम के तहत सूचना रखने वाले का पता लगाने और आरटीआई आवेदन को स्थानांतरित करने की जिम्मेदारी अधिकारी की होती है। बड़ी संख्या में इनकार जहां लोगों को सिर्फ यह बताया जाता है कि यह जानकारी आपको प्रदान नहीं की जा सकती है, जो एक अवैध इनकार है।

सरकार से सूचना मांगने को प्रोत्साहित नहीं किया जाता है, डेटासेट और सूचना का रखरखाव सार्वजनिक डोमेन में रखना एक बड़ी समस्या बन गई है। उदाहरण- कोविड -19 के दौरान जब सरकार से पूछा गया कि ऑक्सीजन की कमी के कारण कितने लोगों की जान चली गई, प्रवासी श्रमिकों की संख्या के बारे में, तो सरकार ने कहा, हमारे पास कोई डेटा नहीं है. सूचना आयुक्तों के पास आरटीआई अधिनियम को लागू करने के लिए पर्याप्त अधिकार नहीं हैं। आयोग के आदेश के अनुसार सार्वजनिक प्राधिकरण द्वारा कार्यकर्ताओं को मुआवजे के पुरस्कार के मामले में, अनुपालन सुरक्षित नहीं किया जा सकता है। रिकॉर्ड रखने की खराब प्रथाएं सूचना आयोगों को चलाने के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचे और कर्मचारियों की कमी व्हिसलब्लोअर संरक्षण अधिनियम जैसे पूरक कानूनों को कमजोर करती है। सरकार द्वारा संशोधन के प्रयास भी इसको कमजोर करते है जैसे फाइल नोटिंग सूचना के अधिकार का हिस्सा नहीं होंगे राजनीतिक दलों को आरटीआई अधिनियम के दायरे से बाहर रखा जाएगा।

आरटीआई उपयोगकर्ताओं की धमकियों, हमलों और हत्याओं के बावजूद लोग अभी भी कानून का व्यापक रूप से उपयोग कर रहे हैं, जो इस तथ्य की गवाही देता है कि यह कुछ ऐसा है जो उन्हें बहुत शक्तिशाली लगता है। डेटा संरक्षण विधेयक आरटीआई कानून में इस तरह से संशोधन करने की एक प्रणाली स्थापित करेगा कि सभी व्यक्तिगत सूचनाओं को छूट दी जाएगी। ऐसी बारीक जानकारी है जो यह कहते हुए लगाई जाती है कि यह उस व्यक्ति का नाम है, [ये हैं] जो राशन उन्हें दिया जा रहा है, उनका पता, ताकि सरकार पर दबाव बनाने और उन्हें रोके रखने के लिए सोशल ऑडिट को सक्षम किया जा सके।

सूचना का अधिकार अधिनियम सामाजिक न्याय, पारदर्शिता प्राप्त करने और सरकार को जवाबदेह बनाने के लिए बनाया गया था लेकिन व्यवस्थित विफलताओं के कारण उत्पन्न कुछ बाधाओं के कारण यह अधिनियम अपने पूर्ण उद्देश्यों को प्राप्त नहीं कर पाया है। आरटीआई के बारे में जागरूकता अभी बहुत कम है। जागरूकता का स्तर विशेष रूप से वंचित समुदायों जैसे महिला ग्रामीण आबादी, ओबीसी/एससी/एसटी आबादी के बीच कम है। आरटीआई शासन के फलने-फूलने के लिए एक मजबूत राजनीतिक व्यवस्था जरूरी है। केंद्रीय और राज्य सूचना आयुक्तों को किसी भी राजनीतिक प्रभाव से दूर रखने के लिए एक आचार संहिता विकसित की जानी चाहिए।



**डॉ. सत्यवान सौरभ**
बड़वा (सिवानी) भिवानी,
हरियाणा

# ड्रैगन के काले मंसूबे,अमेरिकी पेंटागान( रक्षा मंत्रालय) सतर्क

**रूस की सनक से विश्व शांति को खतरा**

अमेरिका और चीन फिर आमने-सामने आ गए है इस बार कोई अंतरराष्ट्रीय मुद्दा ना होकर ताइवान के मामले को लेकर अमेरिका और चीन में बेहद तनाव बढ़ गया है। पहले अमेरिका ने ताइवान के बारे में चीन को स्पष्ट बता दिया था कि विस्तार वादी नीति के कारण चीन को आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगाद्य उधर रूस-यूक्रेन युद्ध में पूरा विश्व चिंतित और परेशान है खासकर यूरोप अमेरिका और ब्रिटेन इन्हें चिंता सता रही है कि कहीं पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ परमाणु बम का इस्तेमाल किया तो उसका प्रभाव ज्यादातर यूरोपीय देशों में पड़ने की संभावना होगी और फिर पलटवार से विश्व युद्ध की संभावना बलवती हो जाएगी। वहीं दूसरी तरफ वर्तमान में चीन ने सख्त रुख अपनाते हुए अमेरिका को चेतावनी दे डाली है कि वह अपने हितों की रक्षा करने में किसी भी तरह की रियायत नहीं करने वाला हैद्य चीन ने कहा कि वह अपने अंदरूनी मामले में किसी को दखलंदाजी नहीं करने देगा एवं अपने हितों की रक्षा करना अच्छे से जानता है,चीन ने कहा कि ताइवान को लेकर अमेरिका पूरे विश्व में गलत संदेश प्रसारित करते आ रहा है। ताइवान के मामले में चीन किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगाद्य उल्लेखनीय है कि चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग बेनबिन एक बार फिर चीन के रुख को स्पष्ट करते हुए कहा है कि ताइवान उनका हिस्सा है और चीन अपने हितों की रक्षा करना अच्छे से जानता है वह इतना सक्षम है कि किसी भी देश से मुकाबला करने के लिए तैयार है। यह विदित हो कि हाल ही में चीन ने ताइवान पर अपना नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से उस पर बलपूर्वक कब्जा करने की धमकी दी थीद्य विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है कि ताइवान का मामला पूर्णता उनका अंदरूनी मामला है। ऐसे में विदेशी दखलअंदाजी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जावेगीद्य कुछ दिन पूर्व अमेरिकी राष्ट्पति जो बाइडेन ने बयान दिया था कि अगर चीन ताइवान पर हमला करता है तो हम निश्चित तौर पर ताइवान की मदद करेंगे, क्योंकि ताइवान की रक्षा करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के इस बयान को ताइवान के प्रशासक तथा आम जनता ने गर्मजोशी से स्वागत किया था, पूरी दुनिया ने इस बात का समर्थन भी किया था। चीन ने अपने जवाब में जबरदस्त प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ताइवान के मुद्दे पर समझौते की कोई गुंजाइश नहीं है। अमेरिका गलत संदेश देना बंद करें क्योंकि चीन अपने आंतरिक हितों की रक्षा करने में कोई भी रियायत नहीं करेगा।





अक्टूबर 2020 में चीन ने ताइवान पर बड़ा हमला किया था चीन के लगभग 200 लड़ाकू विमान ताइवान की सीमा पर घुस गए थे और इसके बाद चीन तथा ताइवान में तनाव चरम सीमा पर पहुंच गया था चीन ताईवान को अपने देश का एक हिस्सा मानता है और ताइवान इसका जबरदस्त विरोध करता है। इसके पूर्व चीन ने ताइवान पर बलपूर्वक कब्जा करने की सार्वजनिक रूप से धमकी दी थी और चीन बहुत पहले से कहता आ रहा है कि ताइवान का मामला पूरी तरह चीन का अंदरूनी मामला है और इसमें किसी भी देश की दखलअंदाजी के लिए भी सरसों में स्वीकार नहीं की जावेगी। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है कि ताइवान के मामले में किसी भी रियायत की कोई गुंजाइश नहीं है। चीन अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए चीनी लोगों की मजबूत जनता दृढ़ विश्वास एवं प्रतिबद्धता पर किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। इसके पूर्व अफगानिस्तान में तालिबानियों द्वारा अमेरिकी सैनिकों की युद्ध के समय तालिबानियों की मदद की घोषणा की थी और तालिबान राज्य बनने के बाद चीन लगातार अफगानिस्तान में तालिबानियों की आर्थिक मदद कर रहा है। उधर प्रशांत महासागर तथा हिंदी चाइना महासागर पर ऑस्ट्रेलिया, जापान, अमेरिका और भारत की नौसेना ने लगातार चीन की बढ़ती दखलंदाजी को कम करने के लिए क्वाड सम्मेलन करते आ रहे हैं। वैसे भी चीन की जिस विस्तार वादी नीति से एशिया के देश तथा अन्य देश अंदर ही अंदर बहुत विरोध भी करते हैं। चीन ने नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, पाकिस्तान,और श्रीलंका, तालिबान को आर्थिक मदद देकर अपना गुलाम बना लिया है। किंतु भारत से उसकी परंपरागत दुश्मनी अभी तक चली आ रही है। अमेरिका के बाद चीन ही सामरिक तथा आर्थिक ताकत बना हुआ है। पर किसी न किसी देश को हमेशा परेशान ही करता आया है। चीन की बढ़ती ताकत को देखते हुए अमेरिका उसे अपने से बड़ी ताकत मानने से इंकार कर उसका हर संभव विरोध भी करता आया है और यह वैश्विक सामरिक संतुलन बनाने के लिए जरूरी भी है क्योंकि चीन अपने अंदरूनी मामलों में एक तानाशाही राज्य का रूप ले चुका है और यदि वह वैश्विक ताकत बनता है तो अंतरराष्ट्रीय शांति को खतरा हो हो सकता है ।इसीलिए आंचलिक संतुलन बनाने हेतु भारत तथा अमेरिकी संयुक्त रक्षा प्रणाली की आवश्यकता होगी।



**संजीव ठाकुर**
रायपुर, छत्तीसगढ़,


## जिंदगी



**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

आज कल सभी की है, व्यस्त जिंदगी।
उलझनों में फंसी है , समस्त जिंदगी।
क्या करें कैसे करें , इन्हीं सवालों के,
जवाबों की तलाश में है, पस्त जिंदगी।
भागते भागते, इस अंधी दौड़ में कहीं,
यूं हो न जाए तेरी, शिकस्त जिंदगी।
किससे करें शिकवा,सुनता नहीं कोई,
हो गई यूं मौका , परस्त जिंदगी ।
अपनों की ख़ातिर , फुरसत नहीं रही,
मिला 2ही है दुनियां से, हस्त जिंदगी।
रफ़्ता रफ़्ता अपने भी ,हो गये पराये,
उल्फत से हो गई है, निरस्त जिंदगी।
दिल टूटा सपने टूटे, करें भी तो क्या,
ख़्वाहिशों ने कर दिया,ध्वस्त जिंदगी।
सब रह गया यहीं,कुछ भी किया नहीं,
हो गई बस ऐसे ही,अस्त जिंदगी।

## नजर आये



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

तू जा-ब-जा नज़र आये
मुझे बे-शुबा नज़र आये
एक तू ही पास रहा मेरे
जब मरहला नज़र आये
हर इंतिहाई ग़म में भी
बे-इंतेहा नज़र आये
इस जमीं की हद से तू
ता-आसमां नज़र आये
बेकली और चैन गुम
दिल पारसा नज़र आये
रोज़ाना के हर पल में
मेरा ख़ुदा नज़र आये

## पता नहीं



**ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर**
भोपाल,मध्यप्रदेश

पड़ोस में कौन हुआ लाश में तब्दील पता नहीं।
झूठा है वो शख्स हरगिज़ ख़ुदा का बंदा नहीं।
नहीं कीजीए उससे कोई उम्मीद ऐतबार की,
कैसा होगा वो जिसे खुद से ही खुद का राब्ता नहीं।
वो कोई और ही होगा जिससे कल तुम मिले थे,
वो सिर्फ दिखता है मेरे जैसा पर मेरे जैसा नहीं।
फुटपाथ का हर शख्स क्यूं तुम्हें फरेबी लगे,
मजबूर ही सही हर शख्स मगर झूठा नहीं।
किस उम्मीद के सहारे गुज़रेगी ये शबे- ग़म,
लिखा था ख़त जिंदगी के नाम जवाब लौटा नहीं।

## ख्वाहिशों का आसमान




**आशीष शर्मा अमृत**
जयपुर, राजस्थान

ख्वाहिशों के आसमान पर
उम्मीदों के सितारे हैं
चमचमाते,खूबसूरत पर
दूर बड़े सारे हैं
चाह कर भी हाथ नहीं आते
इतने सारे और इतने प्यारे हैं
हर रोज एक नया तारा
अपने आसमान पर पाता हूं
अपनी उम्मीदों को बस ऐसे ही
जिंदा मैं रख पाता हूं
काश कभी ऐसा भी दिन आए
उनमें से कोई एक तारा
कभी मेरी झोली में आ गिर जाए
इसी आस में हर रात
अरमान लिए सो जाता हूं
अगले दिन फिर एक तारे को
तराशने लग जाता हूं

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

## तभी तो मलाई मिलेगी



किशन सनमुख़दास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

जनता हितैषी शासकीय कर्मचारी हूं
मदिरा सहित नशीली चीजों की बंदी चाहता हूं
किसी को बताना मत फिर हमारी चलेगी
तभी तो मलाई मिलेगी
स्प्रिट वाली बिकती है मुंह फेर लेता हूं
बनाने वालों से हफ्ता ले लेता हूं
सहमत हूं पियोगे तो मरोगे नीति चलेगी
तभी तो मलाई मिलेगी
जनता के स्वास्थ्य का बहुत हितैषी हूं
मदिरा सहित नशे पर राष्ट्रीय बंदी बिल्कुल चलेगी
किसी को बताना मत अंदर खाने हमारी चलेगी
तभी तो मलाई मिलेगी
डिजिटल ने ऊपरी कमाई कम की है
हमारी फैमिली कैसे चलेगी
अंदर खाने की जब चीजें पॉवर मिलेगी
तभी तो मलाई मिलेगी
जनता मरती है तो दिखावे की चाबुक चलेगी
दूसरों पर कार्यवाही पर हमको छूट मिलेगी
हिस्सेदारी से तो ज़रूर बाशें खिलेगी
तभी तो मलाई मिलेगी

## जिन्दगी मुश्किल भरी बनाई हैं



**रामेश्वर दास भान**
करनाल
हरियाणा

बढ़ रही ब्याज दरें देश में अब हमारें हैं,
महंगाई के रिकार्ड टूट रहे अब सारे हैं,
दस लाख करोड़ से ज्यादा बट्टे खाते में डाले हैं,
हजारों करोड़ों डकारने वालों के
दिन खुशहाल कर डाले हैं,
आम जनता को सिलेंडर,पेट्रोल
खरीदने के पड़े हैं लाले हैं,
महंगाई से जनता के निकले हैं पड़े दिवाले हैं,
बरोजगारों की देश में फ़ौज बढ़ती है जा रही,
धीरे धीरे बात अब जनता के समझ में है आ रही,
मध्यम परिवार के लिए दिन आफ़त भरे आएं हैं,
हर महीने बढ़कर ई एमआई जनता के दिल दुखाएं हैं,
पढ़ाई हो रही दिनों-दिन महंगी अंकुश ना सरकार का,
भुखमरी में करवा दिया
विश्व पटल पर आंकड़ा सौ के पार का,
पढ़ो-लिखों पकोड़े तलों की
स्कीम सरकार ने चलाई है,
अब तो पकोड़े तलनें वालों की
बाढ़ देश में आई है,
क्या टीवी की नफ़रत वाली डिबेटों से
पेट भर जाएगा,
देश की खून-पसीने की कमाई को
पूंजीपतियों पर लुटाया जाएगा,
बोली लग रही संस्थाओं की गंभीर स्थिति आई हैं,
जनता की जिन्दगी अब बड़ी मुश्किल भरी बनाई हैं,

# राहुल की यात्रा से राजस्थान में मजबूत हुई कांग्रेस

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा इन दिनों राजस्थान से गुजर रही है। राहुल गांधी की इस पदयात्रा से राजस्थान में कई गुटों में बंटी कांग्रेस जहां एकजुट हुई है। वही संगठन की दृष्टि से भी मजबूत हुई है। एक तरह से कहा जाए तो राजस्थान कांग्रेस के लिए यह पदयात्रा संजीवनी साबित हो रही है। राजस्थान विधानसभा के अगले चुनाव में एक वर्ष से भी कम का समय रह गया है। प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी माहौल बना हुआ था। जिसे राहुल गांधी की पदयात्रा ने काफी हद तक कम करने का काम किया है। अब लगने लगा है कि अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा को चुनावी मुकाबले में कांग्रेस से कड़ा संघर्ष करना पड़ेगा।

चार दिसंबर को राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा ने राजस्थान के झालावाड़ जिले में प्रवेश किया था। झालावाड़ जिला पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का गढ़ रहा है। वहां से राजे व उनका पुत्र दुष्यंत सिंह लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। झालावाड़ से अभी वसुंधरा के पुत्र दुष्यंत सिंह सांसद है। जिले की चारों सीटों पर भाजपा का कब्जा है। लंबे समय से कांग्रेस झालावाड़ जिले में प्रभाव जमाने में नाकामयाब रही है। लेकिन राहुल गांधी की पदयात्रा को वसुंधरा राजे के प्रभाव वाले इलाके में जो जनसमर्थन मिला। उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि अगले विधानसभा चुनाव में यहां कांग्रेस पहले से अधिक मजबूत होकर उभरेगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के रूट को कुछ इस ढंग से बनाया गया था। जिससे भाजपा के बड़े नेताओं के प्रभाव वाले क्षेत्रों से होकर पदयात्रा गुजरे ताकि वहां कांग्रेस की जमीन मजबूत हो सके।

राजस्थान में राहुल गांधी की पदयात्रा झालावाड़, कोटा, बूंदी, सवाईमाधोपुर, टोंक, दौसा, अलवर जिलों से होकर गुजर रही है। अपनी यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने जहां सीधे आम लोगों से संवाद स्थापित किया। वहीं कई मौकों पर निर्धारित कार्यक्रम से अलग हटकर लोगों से मिलते नजर आए। राहुल गांधी की पदयात्रा के दौरान हजारों की संख्या में लोग बड़े उत्साह के साथ शामिल होते रहे हैं।

राहुल गांधी की पदयात्रा में सबसे अधिक क्रेज युवा वर्ग में देखने को मिला। पूरे रास्ते युवक राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होते रहे। राहुल गांधी ने भी युवाओं के साथ बातचीत करने व सेल्फी लेने में जरा भी कंजूसी नहीं बरती। वह हर जगह लोगों से खुलकर मिलते रहे। कई स्थानों पर तो वह लोगों के साथ बैठकर नुक्कड़ की दुकानों पर चाय पीते नजर आए तो कहीं खेतों में महिलाओं संग चारा काटने लगे। इस पदयात्रा से आमजन में कांग्रेस के प्रति एक सकारात्मक माहौल बना है। जिसका लाभ निश्चय ही आने वाले चुनाव में कांग्रेस को मिलेगा।

राहुल गांधी की राजस्थान यात्रा के चलते कांग्रेस में चल रहे आपसी झगड़ों पर भी विराम लगा है। 25 सितंबर की घटना के बाद राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के गुट के नेता एक दूसरे के खिलाफ खुलकर बयान बाजी कर रहे थे। जिससे कांग्रेस की छवि लगातार खराब हो रही थी। मगर राहुल गांधी की पदयात्रा के कारण दोनों ही गुटों के नेता पूरी ताकत के साथ पदयात्रा को सफल बनाने में जुट गए। जिसके चलते जहां आपसी बयानबाजी पर तो रोक लगी ही साथ ही पार्टी में गुटबाजी भी कम हुई है।

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कई दिनों तक राजस्थान में रहने के कारण राहुल गांधी ने राजस्थान के अधिकांश नेताओं से व्यक्तिगत बातचीत कर फीडबैक लिया है। जिससे उनको राजस्थान की वास्तविक स्थिति का भी ज्ञान हो गया है। राजस्थान कांग्रेस को एकजुट करने का जो काम कांग्रेस आलाकमान नहीं कर पा रहा था। वह काम राहुल गांधी की पदयात्रा से अपने आप ही होता नजर आ रहा है। अपनी राजस्थान यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कांग्रेस के सभी नेताओं को संदेश दिया है कि एकजुट होकर अगले विधानसभा चुनाव में उतरे और फिर से सरकार बनाएं।



भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर राहुल गांधी ने जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि राजस्थान में चिरंजीवी योजना की लोग तारीफ कर रहे है। इसके अलावा शहरी मनरेगा जो शुरु किया है। उसके बारे में भी लोग अच्छी बातें कर रहे है। हालांकि लोग कहते है कि यहां बिजली नहीं आ रही है या फ्लोराइड के पानी की शिकायतें आती है। लेकिन ऐसी छोटी मोटी शिकायतें तो हर जगह से आती रहती है। ओवरऑल देखा जाए तो राजस्थान सरकार के बारे में लोगों का बहुत अच्छा रिस्पॉन्स है।

राहुल गांधी ने सचिन पायलट और अशोक गहलोत गुटों के बीच चल रही बयानबाजी को लेकर कहा कि कांग्रेस पार्टी के अंदर लोकतंत्र है। इसलिए अगर कोई अपनी बात रखना चाहता है तो कांग्रेस पार्टी में उसे दबाया नहीं जाता है। सभी लोग मिलकर काम करते है। कोई भी नेता ऐसा बयान न दे जिससे पार्टी को नुकसान हो। उन्होंने ने कहा कि अगर कार्यकर्ता ने अच्छा काम किया तो जरूर फिर सरकार बनेगी। हिमाचल के परिणाम सामने है। कांग्रेस को अंडर एस्टीमेट ना करें। उन्होंने कहा कि पार्टी का आम कार्यकर्ता जो सड़क पर लड़ता है उसको हमें प्राथमिकता देनी है।

राजस्थान में अपनी पद यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने पार्टी को एकजुट करने का बड़ा काम कर दिया है। उसके बाद अब राजस्थान के नेताओं को भी एकजुट होकर जनता के बीच जाना चाहिए और लोगों को पार्टी में ऑल इज वेल का संदेश देना चाहिए। तभी अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा का मुकाबला कर पाएगी। वरना कुछ दिनो पूर्व प्रदेश में कांग्रेस के नेताओं की जो स्थिति थी। उस स्थिति में तो कांग्रेस का फिर से जीत पाना मुश्किल लग रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेश के सबसे बड़े नेता और सरकार के मुखिया हैं। उनकी जिम्मेवारी बनती है कि वह सचिन पायलट या अन्य किसी नेता के खिलाफ गैर जरूरी बयानबाजी नहीं करें और सबको साथ लेकर चले। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान आमजन से जो वादे किए थे उनको भी हर हाल में पूरा करे। किसानों की कर्ज माफी, युवाओं को रोजगार, संविदा कर्मियों को नियमितीकरण, नौजवानों को बेरोजगारी भत्ता देने जैसे कार्य अभी पूरे नहीं हुए हैं। प्रदेश के लोगों को मात्र 50 युनिट तक ही फ्री बिजली दी जा रही है। जबकि कांग्रेस अन्य प्रदेशों में चुनाव के दौरान अपने घोषणापत्र में 300 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त बिजली देने का वादा करती है। ऐसे में राजस्थान के लोगों को भी 300 यूनिट तक प्रतिमाह मुफ्त बिजली देनी चाहिए। स्नातक तक पढ़े लिखे सभी युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देना चाहिए।

राजस्थान में किसानों का मात्र सहकारी बैंकों के अल्पकालिक ऋण का ही कर्जा माफ हुआ है। जबकि बड़ी राशि का कर्जा तो राष्ट्रीयकृत बैंकों में लंबित चल रहा है। इस दौरान प्रदेश में हजारों किसानों की बैंकों द्वारा खेती की जमीन को कुर्क कर दी गई है। इन सब बातों का मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को समय रहते निवारण करना चाहिए। अकेले सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने की योजना की बहाली से ही चुनाव नहीं जीत पाएंगे।

जब तक प्रदेश के सभी मतदाताओं का दिल नहीं जीता जाएगा तब तक किसी भी पार्टी के लिए सरकार बनाना आसान नही होगा। ऐसे में कांग्रेस को अभी से अपने सभी पुराने वादों पर अमल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना चाहिए। ताकि अगले चुनाव में कांग्रेस के नेता द्वारा करवाये गये विकास कार्यों के बल पर छाती ठोक कर वोट मांग सकें तथा फिर से जीत हासिल कर कांग्रेस की सरकार बना सके।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू, राजस्थान

# रेडक्रॉस के अध्यक्ष आदितेश्वरशरण सिंहदेव ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल का किया निरीक्षण

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सरगुजा रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव आज मेडिकल कॉलेज अस्पताल औचक निरीक्षण पर पहुंचे जहां पर उन्होंने ड्यूटी में तैनात डॉक्टरों और स्टाफ नर्स समय से पहुंचे हैं कि नहीं और उन्हें क्या दिक्कत आ रही है काम करने में इसे लेकर उनसे बातचीत की यही नहीं उन्होंने वहां पर मौजूद मरीजों से भी उनका हालचाल पूछा डॉक्टर कितने बजे आए हैं यहां पर कोई नर्स मौजूद थी या नहीं डॉक्टर अच्छे से देख रहे हैं या नहीं इलाज के दौरान और उन्हें क्या-क्या परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इन सभी बातों की जानकारी मरीज और उनके परिजनों से आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने ली साथ ही बढ़ती ठंड को देखते हुए रात में हॉस्पिटल गेट के बाहर लोगों के लिए अलाव की व्यवस्था जल्द से जल्द हो सके इसके लिए नगर निगम आयुक्त से बात करने की भी बात कही,,, दरअसल कुछ दिन पूर्व एसएनसीयू



वार्ड में हुई नवजात बच्चों के मौत के मामले में स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने बड़ी कार्यवाही की थी जिसमें ड्यूटी डॉक्टर स्टाफ नर्स और मेडिकल कॉलेज अधीक्षक पर कड़ी कार्रवाई की गई थी जिसके बाद से लगातार हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण का दौर जारी है इसी क्रम में आज रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष आदितेश्वर शरण सिंह देव ने हंड्रेड बेड हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया जहां सबसे पहले वे फर्स्ट फ्लोर की ओपीडी में गए जहां पर उन्होंने ड्यूटी डॉक्टर मौजूद है या नहीं स्टाफ नर्स मौजूद है या नहीं इसकी जानकारी ली साथ ही वहां पर इलाज कराने आए मरीजों से भी पूछा कि वह कितने बजे से आए हुए हैं और उन्होंने डॉक्टर को अभी तक दिखाया कि नहीं साथ ही उन्होंने परिजनों से हॉस्पिटल मे आने पर किस तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है उसकी भी जानकारी ली जिसके बाद उसे दूसरे फ्लोर पर स्थित एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण किया जहां उन्हें ड्यूटी डॉक्टर उपस्थित मिले साथ ही वहां पर चल रहे बच्चों के इलाज के बारे में उन्होंने डॉक्टरों से जाना जिसके बाद वह थर्ड फ्लोर गायनिक वार्ड गए जहां उन्होंने ड्रेसिंग रूम बाथरूम में साफ सफाई का जायजा लिया साथ ही उन्होंने वहां पर एडमिट महिलाओ से बात की डॉक्टर समय से आते हैं या नहीं खाना समय पर मिल रहा है कि नहीं खाने की क्वालिटी कैसी है और साफ सफाई की व्यवस्था है कैसी हैं इसका भी जायजा लिया और व्यवस्थाओं में और कसावट लाने के प्रबंधन को निर्देश दिए।

## कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर ग्रामीणों ने की चिरगा एल्यूमिना प्लांट जल्द से जल्द खोले जाने की मांग

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

मां कुदरगढ़ी कंपनी मैनपाट क्षेत्र से बाक्साइट खनन कर बतौली विकासखंड के ग्राम चिरगा में एल्युमिना प्लांट स्थापित करने की योजना है। चिरगा में प्लांट खोले जाने का स्थानीय ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जा रहा है।



वहीं कुछ ग्रामीण प्लांट खोले जाने का समर्थन भी कर रहे हैं। मंगलवार को ग्राम चिरगा व आसपास के दर्जनों की संख्या में ग्रामीण लगभग 8 से 10 पिकअप में सवार होकर अंबिकापुर पहुंच कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर प्लांट खोलने का समर्थन किया और कहा कि प्लांट खुलने से हम लोगों को रोजगार मिलेगा। समर्थन में आए ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि हम लोग खेती बाड़ी करने के बाद बेरोजगाहर हो जाते हैं। जिसे जीवन यापन में काफी परेशानी होती है। ग्राम चिरगा में एल्युमिना प्लांट स्थापीत किए जाने से हम लोगों को रोजगार मिलेगा और मजदूरी करने दूसरे प्रदेश नहीं जाना पड़ेगा। समर्थन में आए ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर जल्द से जल्द प्लांट स्थापीत कर चालू कराने की मांग की है। ताकि हम सब को रोजगार मिल सके।




## नपा उपाध्यक्ष रितेश गुप्ता ने स्कूली बच्चों को किया स्वेटर वितरण

- संवाददाता -
सूरजपुर, 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

नगर पालिका उपाध्यक्ष रितेश गुप्ता ने सूरजपुर के सुभाष चौक स्थित प्राथमिक पाठशाला में पहुंचकर विद्यार्थियों को ठंड से बचने के लिए ऊनी स्वेटर वितरण किया इस दौरान उन्होंने इस स्कूल से जुड़ी यादों को साझा करते हुए कहा कि यह वही स्कूल है जहां मैं स्वयं कक्षा 5वीं तक पढ़ा हूं और मैं जैसे ही स्कूल के क्लास रूम में प्रवेश करता हूं मुझे अपने बचपन का बड़ा सुखद अनुभव होता है और सारी यादें ताजा हो जाती हैं। फिर चाहे वह शिक्षकों से जुड़े हुए विषय हो या सहपाठियों से,इस दौरान विद्यार्थियों से मिलते जुलते हुए सब का परिचय प्राप्त किया। तथा बच्चों को अपने भविष्य को तराशने के लिए बेहतर ढंग से पढ़ने पर जोर दिया एवं समाज तथा राष्ट्र की उन्नति में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया।इस दौरान पत्रकार प्रवेश गोयल जी देव गुप्ता जी तथा प्रधान पाठक कनक गोयल जी शिक्षक प्रकाश सोलंकी जी एवं अन्य शिक्षक गण व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## अपनी मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने रैली निकाल कर किया विरोध प्रदर्शन

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



आंगनबाड़ीकर्मियों को शासकीय कर्मचारी घोषित कर सामाजिक सुरक्षा देकर उन्हें उचित श्रेणी में शामिल किया जाए सहित 8 सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन जारी है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में 14 दिसंबर से संभाग भर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अंबिकापुर स्थित एसबीआई के कलेक्टोरेट शाखा के सामने धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के अंतिम दिन 20 दिसंबर को अपनी मांगों को लेकर धरनास्थल से रैली निकाल कर कलेक्टोरेट पहुंचे। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों को पूर्ण करने की बात कही। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप। वहीं 21 दिसंबर से राज्य स्तरीय आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर अपनी आवाजे बूलंद करेंगी।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ सरगुजा के अध्यक्ष फुलासो एक्का ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व साहिकाएं पिछले कई वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहीं हैं। इनका वेतन काफी कम है। जबकि शासकीय कर्मचारी की तरह सेवाएं ली जा रही है। 8 सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन जारी है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में 14 दिसंबर से संभाग भर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अंबिकापुर स्थित एसबीआई के कलेक्टोरेट शाखा के सामने धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के अंतिम दिन 20 दिसंबर को अपनी मांगों को लेकर धरनास्थल से रैली निकाल कर कलेक्टोरेट पहुंचे। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों को पूर्ण करने की बात कही। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप। प्रमुख मांगों में आंगनबाड़ीकर्मियों को शासकीय कर्मचारी घोषित कर सामाजिक सुरक्षा देकर उन्हें उचित श्रेणी में शामिल किया जाए, आंगनबाड़ी कार्यकताओं को शासकीय कर्मचारी घोषित नहीं होने तक केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन दिया जाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, साहिकाओं को 9 माह की एरियर्स राशि का भुगतान किया जाए सहित 8 प्रमुख मांगें शामिल है।



## जरंजगिर में आयोजित नेटबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा लड़कियों ने जीता ब्राउंज मेडल

अंबिकापुर, 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

राज्य स्तरीय जुनियर नेटबाल प्रतियोगिता जरंजगिर में 17 से 19 दिसम्बर तक आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में सरगुजा जिला के जुनियर बालिका टीम तीसरे बनाकर ब्रांउज मेडल जीते। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के 12 बालक वर्ग और बालिका में 10 टीमों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में सरगुजा जिला से खुशबु गुप्ता, रागनी अगरिया, प्रज्ञा, साक्षी, सुलेखा, सानिया कश्यप, श्रृष्टि, स्नेहा, सोनल मंडल, सानिया खान, विभा कुमारी, संसिता एक्का शामिल थे। यह सभी खिलाड़ी गांधी स्टेडियम में स्थित बास्केटबॉल ग्राउण्ड पर राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में अभ्यास कराया जाता है। आने वाले समय में सरगुजा जिला में नेटबाल का बड़े स्तर का आयोजन किया जाना है।

## स्व.कमला त्रिपाठी के निधन पर स्वास्थ्य मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

अम्बिकापुर, 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

नगर पालिका परिषद की अंतिम अध्यक्ष और पूर्व विधायक एवं चिकित्सक स्व. डॉ. राजेश्वरी त्रिपाठी की पत्नी कमला त्रिपाठी के निधन पर स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव एवं कांग्रेसजनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से स्व. कमला त्रिपाठी के पार्थिव शरीर पर कांग्रेस का ध्वज और पुष्प चक्र अर्पित किया। कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि करते हुए कहा कि वे मजबूत इरादों वाली महिला थीं। नगरपालिका अध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल अविस्मरणीय है।कम समय में ही उन्होंने अम्बिकापुर नगर पालिका को नगर निगम रूप में विकसित करने में महती भूमिका निभाई। इस दौरान औषधीय पादप बोर्ड अध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक, द्वितेंद्र मिश्रा, ताराचंद गुप्ता, पूर्व नपा उपाध्यक्ष शफीक खान, ब्लॉक अध्यक्ष हेमन्त सिन्हा, विनय शर्मा बंटी, सैय्यद अख्तर हुसैन, आशीष वर्मा, सत्येंद्र तिवारी, देवेश शुक्ला, संजीव मंदिलवार,विकल झा, प्रभात रंजन सिन्हा, अविनाश कुमार, पंकज शुक्ला, राजीव लोचन पाठक, रजनीश सिंह, नीतीश चौरिसिया, उत्तम राजवाड़े, आकाश अग्रहरि सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।




## कल्कि गौरव अवार्ड 2022 से सम्मानित किये गये आईपीएस राम गोपाल गर्ग

अंबिकापुर, 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

आईजी राम गोपाल गर्ग को वर्ष 2022 के कल्कि गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। राम गोपाल गर्ग को ये सम्मान समाज और देशहित के कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए कल्कि न्यूज व कल्कि फाउन्डेशन ट्रस्ट, नोएडा (उत्तर प्रदेश) द्वारा प्रदान किया गया है। पुलिस विभाग में अपनी कर्मठता, न्यायप्रियता और ईमानदार छवि के लिए आईपीएस राम गोपाल गर्ग जाने जाते हैं।

संस्था के संस्थापक वरुण रस्तौगी ने बताया कि राम गोपाल गर्ग हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। साथ ही हम विगत कई वर्षों से राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले व्यक्तित्वों को प्रतिष्ठित कल्कि गौरव सम्मान से सम्मानित करते आ रहे हैं। संस्था का उद्देश्य देशवासियों में देशप्रेम की भावना को बढ़ाना है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत

अंबिकापुर, 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम डेडगामानपुर में मंगलवार की सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लाया गया था। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसारर मानसाय पैकरा पिता लेखन राम उम्र 48 वर्ष लुण्ड्रा थाना क्षेत्र का रहनेवाला था और ग्राम डेडगामानपुर में शिक्षक के पद पर पदस्थ था। वह मंगलवार की सुबह बाइक से स्कूल जाने निकला था। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लाए। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सूचना शिविर में ग्रामीणों को मिली योजनाओं की जानकारी




अम्बिकापुर , 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

राज्य शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाने के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा विकासखंड मुख्यालयों में सूचना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को जनपद मुख्यालय उदयपुर में सूचना शिविर का आयोजन किया गया। हाट-बाजार आए ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में सूचना शिविर में पहुंचकर शासन की योजनाओं से अवगत हुए।

# सूरजपुर के स्काउट गाइड एडवेंचर शिविर में शामिल होने पचमढ़ी रवाना

### स्काउट गाइड पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन की अनेक गतिविधियों से होंगे रूबरू

- संवाददाता -
सूरजपुर, 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सूरजपुर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त माननीय विधायक व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर व राज्य सचिव कैलाश सोनी जी के आदेशानुसार राज्य मुख्य कार्यालय के पत्र क्र. 1156 के परिपालन में संयुक्त संचालक संभागीय कार्यालय शिक्षा विभाग सरगुजा व जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट/ गाइड के निर्देशन में जिला संघ सूरजपुर ने शिक्षा विभाग के स्काउट गाइड को राज्य स्तरीय आपदा प्रबंधन एवं साहसिक गतिविधियों में भाग लेने सूरजपुर रेल्वे स्टेशन से रवाना किया गया।

बता दें कि पचमढ़ी में यह साहसिक शिविर 20/ 12/ 2022 से 24/ 12/ 2022 तक पांच दिवसीय आयोजित है। जो जिला प्रशिक्षण आयुक्त रामदत्त पटेल, जिला सचिव उमेश गुर्जर व जिला संगठन आयुक्त बेलभद्र देवांगन के नेतृत्व में पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर में भागीदारी हेतु पचमढ़ी रवाना किया गया।

### टीम को एडीओसी कन्हैया सोनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किये







पर्वतारोहण व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर में शामिल होने वाले स्काउट गाइड को एडीओसी कन्हैया लाल सोनी ने सूरजपुर के उचडीह रेल्वे स्टेशन में हरी झंडी दिखाकर जिले के स्काउट गाइड जत्था को पचमढ़ी जाने रवाना किया गया। पंचमढ़ी (मध्यप्रदेश) भारत स्काउट गाइड का राष्ट्रीय मुख्यालय है जहां हर वर्ष अनेक गतिविधियां संचालित होती है। जिसमें पर्वतारोहण व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर शामिल है। इस पर्वतारोहण व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर पंचमढ़ी में भाग लेने सूरजपुर जिले से प्रभारी भैयाथान विकास खंड सचिव अशोक दुबे, अंशुल दिकसेना, गाइडर में प्रेमनगर गाइडर सुश्री ज्योति कुर्रे सहित 38 स्काउट गाइड रवाना हुए हैं।

### साहसिक गतिविधियाँ स्काउट गाइड के व्यक्तित्व विकास में सहायकः- कृष्ण कुमार ध्रुव

भारत स्काउट एवं गाइड प्रेमनगर ब्लॉक काउंसलर व भारत स्काउट गाइड जिला संघ सूरजपुर मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ध्रुव ने कहा भारत स्काउट एवं गाइड देश के युवाओं में साहसिक भावनाओं को बढ़ावा देने के लिये प्रतिबद्ध है है जिसके लिये 1992 से सतपुड़ा पर्वत श्रृंखलाओं (मध्यप्रदेश) में नेशनल एडवेंचर संस्थान जो राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र पचमढ़ी में स्थित है जो ÷ट्रेकर्स का स्वर्ग÷ है । संस्थान के माध्यम से प्रतिवर्ष बरसात के दिनों को छोड़कर दस दिवसीय एडवेंचर कार्यक्रम लगातार आयोजित किये जाते हैं, जिसमें 14 से 35 वर्ष के युवा भाग ले सकते हैं । इस साहसिक कार्यक्रम के अंतर्गत ट्रेकिंग (पदयात्रा), रात्रि स्काउटिंग, नक्षत्रा ज्ञान, सीमित साधनों से भोजन बनाना, पुल निर्माण, शेल्टर बनाना, पर्वतारोहण, शिलारोहण, बाधाओं को पार करना, रास्ता ढूंढना और भी अनेक साहसिक गतिविधियाँ करने का अवसर दिया जाता है। इसके साथ आस-पास के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण शमिल किया जाता है भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ सूरजपुर के सदस्य पूरे वर्ष विभिन्न स्तरों पर कल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से सतत जुड़े रहते हैं जो उनके अंदर सेवा भावना के साथ व्यक्तित्व विकास में सहायक है।

इस अवसर पर जिला संघ से जिला सचिव उमेश गुर्जर, डीओसी बेलभद्र देवांगन, डीओसी गाइड अभय मुरुम, डीटीसी गाइड अरुणा एक्का, जिला काउंसलर गोवर्धन सिंह, जिले के ब्लॉक सचिव में रामानुजनगर विजेंद्र साहू, प्रेमनगर असफाक अली, प्रतापपुर प्रेमसिन्धु मिश्रा, ओड़गी कुंजलाल यादव, सूरजपुर चित्रकान्त जायसवाल, रोवर लीडर विनय तिवारी, रोवर लीडर व प्रेमनगर ब्लॉक काउंसलर कृष्ण कुमार ध्रुव, राकेश सिंह, अनामिका भगत, रुचि कुशवाहा सहित जिले के पदाधिकारियों ने स्काउट गाइड के शिविर की सफलता के लिए शुभकामनाएं दिए।

CMYK

# उप सरपंच सहित 7 पंचों ने सरपंच व सचिव के खिलाफ लगाया फर्जी हस्ताक्षर करने का आरोप

» क्या शिकायत के बाद कार्यवाही करने में सीईओ के हाथ पांव तो नहीं फूल रहे हैं?

» उप सरपंच का कहना प्रस्ताव डायरी में 7 पंचों का हस्ताक्षर गलत किए गए हस्ताक्षर हमारे नहीं है

» मामला खडगवां जनपद अंतर्गत ग्राम रतनपुर का






– रवि सिंह –
रतनपुर/खडगवां 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

ग्राम पंचायत के बड़े-बड़े घोटाले तो आप ने सुना ही होगा लेकिन इस बार जो हेरा फेरी हुआ है वह कोरिया जिला के रतनपुर ग्राम पंचायत का है ग्राम पंचायत के सचिव और सरपंच पति मिल कर पंचायत के शासन से प्राप्त राशि का द्रुप्रयोग किया जा रहा है। जी हां यह आरोप सीधे ग्राम पंचायत के पंचो के द्वारा सीधे अपने ही ग्राम पंचायत के सचिव और सरपंच पर लगाया जा रहा है।

पंचों ने लिखित मे भी शिकायत जनपद पंचायत खडगंवा के सीईओ राजेश सेंगर से किया है मामले के गंभीरता को देखते हुए जनपद पंचायत के सीईओ राजेश सेंगर ने पंचायत इंस्पेक्टर को निर्देशित कर जांच रिपोर्ट माँगा था लेकिन विडंबना इस बात की है कि मामले को एक महीने बीतने को है लेकिन जनपद पंचायत के मुखिया के तरफ से अब तक किसी प्रकार का सचिव के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई है। पंच का कहना है कि जिस प्रस्ताव रजिस्टर मैं फर्जी हस्ताक्षर किया गया है कहीं ना कहीं पंचायत के पैसे का आहरण किया गया है हम सभी पंचो के विस्वास के साथ धोखा धडी किया जा रहा है। इनका आरोप है कि सरपंच और उसके पति ने सचिव के साठ गांठ से पंचायत के राशि को बेवजह कभी रंग मंच के नाम से तो कभी अन्य कार्यो के लिए बे हिसाब पैसा निकाल कर तीनों मिल कर डकार जाते हैं, जब भी हम पंचो ने पंचायत के कार्यो और पैसों का हिसाब माँगा है सरपंच के पति पंचायत के कामों मैं अड़ंगा डालते है। सूत्रों के माने तो फर्जी हस्ताक्षर के मामले में सरपंच का पकड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि से हैं और मालूम पडता हैं कि उक्त मामले कि कार्यवाही में लेट लतीफ जानबूझकर कर कराया जा रहा हैं, सूत्र बताते है की सरपंच सचिव के पीछे राजनीतिक संरक्षण है और कहीं ना कहीं सीईओ को कार्यवाही करने से रोका जा रहा है, इस लिए कार्यवाही करने में सीईओ के हाथ पांव तो नहीं फूल रहे हैं? बहरहाल सभी पंचों ने कार्यवाही के लिए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है अब देखना होगा कि जिला कलेक्टर के हस्तक्षेप से सरपंच और सचिव के विरुद्ध कार्रवाई होती है कि नहीं? आज हम देखते हैं कि कोई भी व्यक्ति फर्जी तरीके से कोई भी चेक पर हस्ताक्षर कर लेते हैं या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख से तैयार किसी भी नोटिस या दस्तावेज में अपने हस्ताक्षर कर या आदेश को बदल देते हैं। हम आज आपको कूटरचना संबंधित अपराध के बारे में जानकारी आज के लेख में जानिए।

### सचिव बने अंजाना

जब हम सचिव से फर्जी हस्ताक्षर को लेकर बात करनी चाहा तो सचिव ने कहा कि मेरे से सरपंच ने प्रस्ताव रजिस्टर माँगा गया था मैं उस वक्त बेमा में अन्य कामों में व्यस्त था, उन्हें रजिस्टर दे दिया था लेकिन मुझे इस बारे में कुछ भी पता नहीं। क्या सचिव इस प्रकार की बाते करें तो क्या यह सौभा देता है पंचायत का काम एक बहोत बड़ी जिम्मेवारी होती है? क्या सचिव को यह नहीं पता इन सब बातों से यह मालूम पड़ता है कि कहीं ना कहीं फर्जी हस्ताक्षर के मामले को दबा दिया जा रहा है अगर ऐसा नहीं है तो जनपद पंचायत के सीईओ क्यों त्वरित कार्रवाई करते है? जब पंचों ने सीधे सरपंच और सचिव के विरूद्ध लिखित आरोप पत्र दिया है तो क्या कारण है कार्यवाही में विलंब हो रहा है?

### क्या होती हैं यह कूटरचना?

भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अध्याय 18, में धारा 463 से 489 तक दस्तावेजों और चिन्हों संबधी अपराधों एवं दण्डो के विषय में बताया गया है। पर आज के लेख में हम कूटरचना संबधित अपराध को जानेंगे। कूटरचना से तात्पर्य है किसी व्यक्ति के द्वारा झूठे दस्तावेज बनाना या तैयार करना। उन दस्तावेजों का प्रयोग व्यक्ति अपने वास्तविक रूप में करता है, या कोई धोखा देने के उद्देश्य से, कोई व्यक्ति झूठे दस्तावेज बनाता है, वह कूटरचना होती है। वही ग्रामपंचायत के पंचों ने स्टाम्प में अपना काबुल नामा स्वीकार किया है और एसडीएम कार्यालय में मामले की सुनवाई के लिए गुहार लगाया है वही सीईओ खडगावां राजेश सेंगर ने कहा है कि जांच रिपोर्ट के बाद जो भी बात सामने आयेगी उस पर कार्यवाही की जाएगी और सब लोगों को नोटिस दी जाएगी।

### पंच का शपथ पूर्वक कथन

श्रीमती सुमित्रा पति बजरंग, उम्र करीब 30 वर्ष, जाति गोड़, निवासी ग्राम- रतनपुर, थाना व तहसील खड़गवां, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ0ग0) का मूल निवासी हूँ तथा निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ यह कि, मैं उपरोक्त वर्णित पते पर स्थायी रूप से निवास करती हूँ तथा ग्राम पंचायत रतनपुर, वार्ड क्रमांक 06 का चयनित वार्ड पंच हूँ। यह कि, ग्राम पंचायत रतनपुर के सरपंच उमा सिंह एवं सचिव शिवभजन सिंह के द्वारा दिनांक 12/10/2022 को एक बैठक किया गया, बैठक की जानकारी मुझे नहीं दी गई और ना ही मुझे बुलाया गया उक्त बैठक में मेरे नाम का प्रस्ताव के समर्थन में फर्जी हस्ताक्षर कुटरचित कर अंकित किया गया है। यह कि, ग्राम पंचायत रतनपुर के सरपंच / सचिव के द्वारा फर्जी प्रस्ताव पारित कर बैंक से राशि आहरण कर लिया गया है, कितनी राशि बैंक से आहरण की गई है इसकी जानकारी मुझे नही है तथा उक्त प्रस्ताव पंजी में मेरी कुट रचित हस्ताक्षर फर्जी तरीके से किया गया है। प्रस्ताव पंजी में मेरे द्वारा हस्ताक्षर नही किया गया है।

## पंचायतों में पेसा कानून के अंतर्गत समिति गठन में अनियमितता का लगा आरोप




» गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिलाध्यक्ष ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

» पेसा कानून लागू होने के बाद पंचायतों में गठित की जानी है दो समितियां

» पंचायत स्तरीय उक्त समितियों को है विशेष अधिकार

रवि सिंह –
एमसीबी 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

मनेंद्रगढ़ गोंडवाना गणतंत्र पार्टी जिला अध्यक्ष केवल सिंह मरकाम ने कलेक्टर महोदय जिला एम.सी.बी. (छ.ग.) को ज्ञापन सौंपकर पेसा कानून के अंतर्गत मनेंद्रगढ़ जिले में आने वाली ग्राम पंचायतों में गठित समितियों के चयन पर आपत्ति जताई है। उन्होंने पंचायत में गठित समितियों को भंग करने की मांग कर विधिवत तरीके से समितियों के गठन तथा ग्राम सभा अध्यक्ष / सभापति पुनः चयन कराने की मांग की है।

कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में लेख है कि जिला एम.सी.बी. के समस्त ग्राम पंचायतो में अभी हुये ग्रामसभा द्वारा पेसा कानून के तहत ग्राम सभा अध्यक्ष / सभापति का चयन एक वर्ष के लिए किया जाना था, लेकिन ग्राम पंचायतों में पदस्थ सरपंच-सचिवों के द्वारा नियम विरुद्ध व गोपनीय तरीके से अपने लोगों का चयन कर लिया गया है। जिसकी जानकारी ग्रामीणों को नहीं दिया गया। जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। चुंकि पेसा कानून के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में दो विशेष समितियों का गठन किया जाना है। जिसमें पदेन अध्यक्ष,सभापति तथा सदस्य पंचायत पदाधिकारी या शासकीय कर्मचारी नहीं हो सकते। इन समितियों को विशेष अधिकार भी प्राप्त हैं। और इन समितियों का गठन विशेष ग्राम सभा में तथा ग्राम में मुनादी कराकर सभी की सहमति से किया जाना है। चुंकि पंचायतों में निर्वाचित सरपंच तथा पदस्थ सचिवों ने ग्रामीणों की जानकारी में लाए बगैर इन समितियों का गठन कर लिया है, जो पूरी तरह अवैध है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला एमसीबी जिला अध्यक्ष केवल सिंह मरकाम ने उचित कार्यवाही ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।



## नई फसल की कटाई और भण्डारण के साथ हसदेव अरण्य को बचाने हरिहरपुर में 275 दिनों से चल रहे आंदोलन को व्यापक करने बड़ी संख्या में धरना प्रदर्शन स्थल पर जुटे लोग





– संवाददाता –
उदयपुर, 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

हसदेव अरण्य वन क्षेत्र में कोयले खदानों को दी गई स्वीकृतियों के विरोध में लगातार आंदोलन चल रहा है। सरगुजा जिले के विकास खंड उदयपुर अंतर्गत ग्राम हरिहरपुर में विगत 2 मार्च से जारी धरना को 275 दिन पूरे हो चुके है।

आंदोलन के 275 दिन पूरे होने पर मंगलवार को बड़ी संख्या में लोग धरना स्थल में एकत्र होकर आंदोलन को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक एवं सरपंच पतुरियाडांड उमेश्वर आर्मो ने कहा कि राज्य सरकार ने परसा खदान की वन स्वीकृति को निरस्त करने केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को पत्र लिखा है और व्यापक जान आक्रोश को संज्ञान में लिया है लेकिन फर्जी ग्राम सभा और पर्यावरणीय चिंताओं का कोई उल्लेख नहीं किया। वे स्वयं ही अंतिम वन स्वीकृति निरस्त कर सकते है और परसा कोल खदान को रद्द कर सकते है। जब तक हसदेव अरण्य की सभी खदाने आधिकारिक रूप से निरस्त नहीं कि जाती यह आंदोलन सतत चलता रहेगा।

साल्ही गांव से रामलाल करियाम ने कहा कि यह वर्ष समाप्त होने को है और आंदोलन में सामूहिक रूप से इकट्ठा किया गया अनाज भण्डार भी। हमने इस वर्ष के धान की कटाई पूर्ण कर ली है और आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए अपने हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति के अन्न भण्डार को वापस भरना शुरू कर दिया है।

फत्तेपुर से मुनेश्वर पोर्ते ने आरोप लगाया कि हमारे आंदोलन को कमजोर करने कंपनी और प्रशासन द्वारा फर्जी एफ आई आर तक का सहारा ले चुके है। लेकिन इन हथकंडों से हम कमजोर नहीं होंगे बल्कि यह आंदोलन और भी तेज होगा क्योंकि व्यापक जन समर्थन इस संघर्ष के साथ जुड़ा है।

हसदेव अरण्य के जंगलों को बचाने नए वर्ष 2023 में हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति छत्तीसगढ़ के सामाजिक संगठनों और प्रकृति प्रेमी लोगों से हसदेव में जंगल बचाने सम्मेलन में शामिल होने का आव्हान करेगी। इस दौरान हरिहरपुर धरना स्थल में उमेश्वर आर्मो, सुनीता पोर्ते, मायावती देवी, रामलाल करियाम, मुनेश्वर पोर्ते सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

## क्रिसमस के पूर्व खुशी का आगाज,निकली कई क्रिसमस रैली



– संवाददाता –
चिरमिरी 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोविड-19 के बाद त्योहारी उत्सव को लेकर मसीही धर्मावलंबियों में भी खासा उत्साह बना हुआ है। बीते दो साल तक त्योहारों की खुशी सार्वजनिक रूप से नहीं मना पाने वाले इस समुदाय द्वारा एक मंच से क्रिसमस से पूर्व खुशी का आगाज 19 दिसंबर को क्रिसमस रैली के रूप में क्षेत्र में किया गया।

चिरमिरी क्षेत्र के एवेंजेलिकल लूथरन चर्च गोदरीपारा से रैली की शुरुवात हुई। यह रैली डोमनहिल, कोरिया कालरी, वेस्ट चिरमिरी पोड़ी, हल्दी बाड़ी, बड़ा बाजार, एकता नगर होते हुए चर्च परिसर में समाप्त हुआ। 40 किलोमीटर लंबी इस यात्रा में मसीही समाज के हर वर्ग व उम्र के लोग शामिल हुए। क्षेत्र के सभी प्रमुख स्थानों पर प्रभु येशु के आगमन का संदेश धर्मगुरुओं के द्वारा सुनाया गया, साथ ही क्षेत्र के सभी लोगो की खुशहाली और शांति अमन के लिये प्रार्थना किया गया। क्रिसमस रैली में लोग प्रभु यीशु के आगमन को लेकर नाचते गाते रहे। इस क्रिसमस रैली का आयोजन संयुक्त मसीही समाज चिरमिरी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष पास्टर गोसेन एक्का उपाध्यक्ष विकास मसीह, सचिव कृष्णा बड़ा, सदस्यगण राकेश चौहान, जीडीएस मरावी, पंकज, सनिल कुजूर, सुरेश टोप्पो, राजीव सालोमन, अरुण आसावान, अरुण सिंह, नितेश बोयर, राजेन्द्र दास सहित काफी संख्या ने समाज के लोग उपस्थिति रहे।

## खरीदी केंद्रों में किसानों को नहीं मिल रही राहत






– संवाददाता –
सूरजपुर, 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

प्रशासन की तमाम कोशिशों के बावजूद धान खरीदी केंद्रों में किसानों को राहत नही मिल पा रही है।देवनगर समिति से जुड़े एक किसान ने मंगलवार को कलेक्टर को ज्ञापन देकर कहा है कि देवनगर समिति में वह चार से पांच बार गया पर उसका टोकन नही काटा जा रहा है।कल्याणपुर का हरिनारायण साहू नामक किसान के अनुसार समिति में पदस्थ प्रबंधक व कम्प्यूटर आपरेटर की मनमानी चरम पर है।यहां केवल अपनो को उपकृत किया जा रहा है जबकि आम किसानों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। किसान के अनुसार कई वर्षो से यहां वे पदस्थ है जिससे उनकी मनमानियों पर कोई लगाम नही है।उन्होंने कलेक्टर से शिकायतों की जांच करा कर समुचित कार्रवाई की मांग की है। इधर दूसरी ओर ओड़गी ब्लॉक के ग्राम गिरजापुर के लोगो ने अतिरिक्त चावल नही दिए जाने की शिकायत लेकर कलेक्टर के पास पहुँचे थे।गिरजापुर के लोगो ने दिए शिकायत में कहा है कि अक्टूबर माह का चावल कई राशनकार्ड धारियों को नही दिया गया है पूछने पर नही आने की बात कही जा रही है।लोगो ने राशनकार्ड धारियों को चावल दिलाये जाने की मांग की गई है।

## अलग-अलग मामले में कीटनाशक सेवन करने से तीन की मौत

अंबिकापुर, 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

अलग-अलग मामले में दो महिलाएं एक पुरूष ने कीटनाशक सेवन कर लिया था। तीनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान तीनों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चंद्रमणि सिंह पति संजय उम्र 26 वर्ष ओडग़ी थाना क्षेत्र के ग्राम सावांरावां की रहने वाली थी। वह सोमवार को अज्ञात कारण से कीटनाशक सेवन कर ली थी। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां उसकी मौत हो गई। दूसरा मामला बिश्रमपुर के रामनगर की है। 40 वर्षीय पूजा सिंह पति राय इ्क्षसह उम्र 40 वर्ष शुक्रवार को जहर सेवन कर ली थी। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं तीसरा मामला दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम पोड़ीपारा की है कृतनारायण उम्र 26 वर्ष सोमवार की शाम अज्ञात कारण से जहर सेवन कर लिया था। उसे भी इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## राज्य शासन के 4 वर्ष पूर्ण होने पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा जिले में लगायी जा रही छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर

» योजनाओं की सफलता पर हितग्राहियों ने दिया फीडबैक

» प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे कांता कुमार जनमन पत्रिका पाकर हुए खुश, कहा तैयारी में मिलेगी मदद



– संवाददाता –
चिरमिरी 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में जिले में विभिन्न स्थानों पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर लगायी जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में शासन के सफलतम 4 वर्षों की गाथा, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उपलब्धियों के सम्बंध में लोगों को अवगत कराने के उद्देश्य से यह प्रदर्शनी जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखण्डों में तिथिवार आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में आज पोड़ी बचरा में प्रदर्शनी आयोजित की गई। छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर में शासकीय योजनाओं तथा उपलब्धियों की जानकारी जनसामान्य को आकर्षक तस्वीरों के माध्यम से दी जा रही है। प्रदर्शनी देखने पहुंचे लोगों ने योजनाओं की सफलता और उन्हें मिले लाभ पर अपने अनुभव साझा किए तथा छत्तीसगढ़ सरकार को जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए शासन को धन्यवाद दिया।

योजनाओं की सफलता पर हितग्राहियों ने दिया फीडबैक, छात्रों ने जनमन पत्रिका सहित अन्य सामग्री को बताया परीक्षाओं की तैयारी में मददगार- प्रदर्शनी देखने आए किसान श्री मूलचंद अहीर ने बताया कि वे शासन की बाड़ी विकास योजना के अंतर्गत काम कर रहे हैं। आज इस योजना से मिली मदद से उन्हें अच्छा लाभ मिल रहा रहा है। शिविर में छायाचित्रों को देखकर खुश हुए रमेश कुमार यादव ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए धन्यवाद देते हुए बताया कि धान का उचित मूल्य मिलने से किसानों के आर्थिक स्थिति में सुधार आया हैं, वे स्वयं धान बेचकर इसका लाभ ले रहे हैं। गत दिवस कटगोड़ी सोनहत में हुए शिविर में पहुंचे छात्र कांता कुमार राजवाड़े ने जनमन पत्रिका सहित अन्य सामग्री को परीक्षाओं की तैयारी में मददगार बताया। अगले शिविर नगरीय निकाय बैकुंठपुर और शिवपुर-चरचा में आयोजित किये जायेंगे। प्रदर्शनी में पहुंचे लोगों को राज्य शासन की विकास कार्यों एवं उपलब्धियों पर आधारित जनमन पुस्तिका, छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक, न्याय का नया अध्याय, सेवा जतन सरोकार, करूणा सेवा सुशासन से संबंधित पुस्तक, पाम्पलेट, ब्रोशर आदि का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य शासन की राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, सुराजी गांव योजना, नरवा-गरूवा-घुरवा-बाड़ी योजना, छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, वनोपज, छत्तीसगढ़ मॉडल, बिजली बिल हाफ, कृष्ण कुंज, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना, राजीव युवा मितान क्लब, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय आदि की जानकारी प्रदर्शित की गई है।






# क्या वर्तमान विधायक के प्रति लोगों का असंतोष पूर्व विधायक श्याम बिहारी को पुनःबना सकता है विधायक?

## सत्ता विरोधी लहर में अल्प मतों से विगत चुनाव में हार का करना पड़ा था सामना

- क्या 2023 में एक बार फिर श्याम बिहारी जयसवाल हो सकते हैं अजय योद्धा?
- संयोग से राजनीति में हुआ पदार्पण,लोकप्रियता ऐसी बढ़ी की उत्तरोत्तर राजनीतिक प्रगति करते गए
- वर्तमान विधायक से समर्थक के साथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओ से लेकर जनता में असंतोष व आक्रोश क्या डूबा सकता है लुटिया?
- पूर्व विधायक की उपलब्धियों का खाका जनता के सामने घटती घटना के द्वारा





- रवि सिंह-

चिरमिरी/मनेंद्रगढ़ 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ प्रदेश का नंबर दो विधानसभा जिसे मनेंद्रगढ़ के नाम से जाना जाता है। यहां दो पंचवर्षीय भाजपा के विधायक सत्तासीन रहे,और दोनों ही बार भाजपा के दो अलग-अलग व्यक्तित्व ने विधायक पद को सुशोभित किया। 15 वर्ष के भाजपाई कार्यकाल के बाद सत्ता विरोधी लहर और जनता से चुनाव पूर्व किए गए बड़े-बड़े वायदो ने कांग्रेस के विधायक को जनता ने मौका दिया। मौका मिलने के बाद जनता को लगा कि उन्होंने अच्छा जनप्रतिनिधि जनसेवक के तौर पर चुना है, क्योंकि उससे पहले इनके अंदर की जनसेवा खूब देखने को मिल रही थी, जिस जनसेवा को देखकर लोग मोहित हुए और डॉक्टर विनय जायसवाल को मनेन्द्रगढ़ विधानसभा का विधायक बनाया। वर्तमान विधायक के कार्यकाल का 4 साल बीत चुका है और विगत 4 साल में व्यक्तिगत तौर पर इन्होंने क्या खोया, क्या पाया, यह तो आने वाला चुनाव बताएगा। परंतु क्षेत्र के जनता की माने तो इस चार साल में इन्होंने जो जनाधार डैमेज किया,उस डैमेज को कंट्रोल करने में बड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ेगा।अब 10 महीने ही शेष बचे हैं, अब इस 10 महीने में कितना डैमेज कंट्रोल करते हैं यह तो समय बताएगा पर अभी वर्तमान स्थिति में जो सामने आ रहा है, उसके अनुसार जनता में असंतोष तो है ही, वहीं इनके खुद के पार्टी के अंदरखाने में भी असंतोष है। कार्यकर्ता से लेकर संगठन के लोग भी इनसे खफा हैं । अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि इतने बड़े जनाधार वाले नेता से यदि जनाधार रखने वाले लोग खफा हो जाएंगे तो फिर क्या इनकी वापसी हो पाएगी? इस समय हर तरफ कंपैरिजन की स्थिति निर्मित हो गई है। पूर्व भाजपा के विधायक अच्छे थे, या फिर वर्तमान कांग्रेस के विधायक अच्छे हैं। जिसे लेकर चर्चा तो हो रही है। पर इस चर्चा के बीच यदि किसी को जनसमर्थन मिल रहा है तो वह पूर्व विधायक श्याम बिहारी जयसवाल को मिल रहा है। वर्तमान में राजनीति लफ्जों में सिमटकर नहीं रह गई, बल्कि धरातल पर दिखने वाला काम बोलता है। क्षेत्र की जनता पूर्व विधायक और वर्तमान विधायक के कार्यकाल और उनकी उपलब्धियों का तुलनात्मक विश्लेषण कर रही है। और विश्लेषण उपरांत यह समर्थन और प्रतिसाद संभवत पूर्व विधायक को इसलिए मिल रहा है, क्योंकि जागरूक जनता हर स्थिति परिस्थिति में अपना भला बुरा सोचने के लिए सक्षम है। मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल विगत चुनाव जरूर हार गए हैं, लेकिन उनके विचार व अपने विधानसभा के जनता के लोगों के पीछे समर्पित रहने का गुण उन्हें आज भी लोगों के दिलों में जगह दिलाए हुए है।अपने कार्यकाल के दौरान उनके द्वारा कराए गए विकासकार्य, जनता के प्रति प्रेम, उनकी साधारण जीवन शैली, उनकी जीवटता और लोगों से सामान्य जुड़ाव, क्षेत्र के प्रत्येक मतदाता के दिल मे इनका व्यक्तित्व योद्धा की तरह राज कर रहा है। बदलाव के दौर में भी इनका ना बदलना इनकी सबसे बड़ी ताकत है।

### पूर्व विधायक की वर्तमान राजनीतिक यात्रा तक का रोचक सफर

श्याम बिहारी जायसवाल ने घटती-घटना से चर्चा करते हुए बताया की अपने पूरे राजनैतिक जीवन में कभी भी अपने परिवार और जीवन की विकट परिस्थितियों को जनता के सामने ला कर वोट के लिए राजनैतिक लाभ नहीं लिया। उन्होंने कभी भी इस बात को साझा नही किया कि वे परिवार चलाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न साप्ताहिक बाजारों के समीप पगडंडियों के किनारे फट्टी लगाकर, बोरा में बैठकर कृषि उपज एवं वनोपज में महुआ, डोरी, इत्यादि ग्रामीणों से अल्प मात्रा में खरीदकर परिवार चलाते थे। 1 अक्टूबर सन 1976 को रतनपुर में जन्मे श्याम बिहारी जायसवाल ने गृह ग्राम रतनपुर से ही प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की, प्राथमिक शाला रतनपुर से सन 1985 में पांचवी पास करने के पश्चात माध्यमिक शाला तामडांड़ से 1988 में आठवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। जिसके बाद हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी की परीक्षा खंडगवा हायर सेकेंडरी विद्यालय से पास की। बड़ी बात यह है कि अपने शिक्षा काल के दरमियान अपने गांव रतनपुर से खंडगवा तक शिक्षा ग्रहण करने के लिए पैदल और साइकिल से सफर किया। विज्ञान के होनहार विद्यार्थी श्याम बिहारी जायसवाल ने अपना ग्रेजुएशन विज्ञान से करने के बाद सन 1998 में रसायन शास्त्र से स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। योग्यता ऐसी की इन्होंने स्नातकोत्तर की उपाधि पूरे विश्व विद्यालय में द्वितीय स्थान पर रहकर प्राप्त की और यह अपने क्षेत्र के रसायन शास्त्र से पहले स्नातकोत्तर विद्यार्थी रहे।श्याम बिहारी जायसवाल का जीवन संघर्ष भरा रहा है। क्योंकि उन्होंने जब शिक्षा ग्रहण की तब पुरा क्षेत्र साधन विहीन था। यातायात के साधन के नाम पर मात्र बाबरा बस ही थी और एक आदर्श/अली अहमद बस बिलासपुर वाली ही थी। रतनपुर से चिरमिरी आ कर उन्होंने उच्च शिक्षा ग्रहण की, तथा वे पढ़ाई के दौरान जब प्रेक्टिकल या एक्स्ट्रा क्लास चलता था तो वे अपने परिचितों के यहां टिकरा पारा में एक छोटे से कमरे में रात बिताते थे और हाँ ÷रावण दहन÷ कार्यक्रम में भी रतनपुर से चिरमिरी दिन में ही बोरा शॉल लेकर आ जाते थे। रावण दहन कार्यक्रम के बाद दुसरे दिन वे रतनपुर जाते थे, लेकिन इन सब बातों का जिक्र उन्होंने राजनैतिक या निजी जीवन में कभी भी नही किया। पूरे पढ़ाई के दरमियान पैदल और साइकिल का सफर, साथ ही विद्यालय समय से अलग परिवार की आजीविका के लिए हाट बाजारों में फट्टा लगाकर वनोपज की खरीदी और बिक्री,आसपास कै बाजारों में गल्ला के व्यवसाय ने उन्हें समय से पहले संघर्षशील बना दिया था और पूरे क्षेत्र में बाजारों में भ्रमण के कारण क्षेत्रवासियों से पहचान भी काफी समय से हो गई थी। पढ़ाई पूरी होने के बाद उन्होंने व्यवसाय को अपना कैरियर चुना और अपने ग्राम में राइस मिल की स्थापना की। अपनी व्यवसायिक गतिविधियों और राइस मिल की स्थापना के बाद लोगों से उनका जुड़ाव बनता चला गया। और यही जुड़ा भविष्य में उनकी लोकप्रियता का कारण भी बना।

### पहली बार जनपद पंचायत का चुनाव बिना घरवालो की मर्जी से लड़ा, मिली जीत और जनपद उपाध्यक्ष भी बने

श्याम बिहारी जायसवाल कि किस्मत भी गजब की थी। कभी इन्होंने सोचा नहीं था कि राजनीति में प्रवेश होगा।अचानक भाजपा से जनपद सदस्य का फॉर्म भरा और घरेलू विवाद के बावजूद बिना घरवालों की मर्जी उन्होंने चुनाव लड़ा और पहली बार में ही उन्हें जीत मिली और जीत मिलने के बाद निर्विरोध जनपद उपाध्यक्ष भी चुने गए। यह भी एक अजीबोगरीब इत्तेफाक था। पहली बार इन्होंने जहां से चुनाव लड़ा वह तत्कालीन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का गढ़ था और पहली बार में ही है निर्विरोध जनपद उपाध्यक्ष चुने गए। कद्दावर शख्सियत को हराने के कारण भाजपा में इनकी बेहद मजबूत पृष्ठभूमि बनी। 2010 में जनपद सदस्य एवं जनपद उपाध्यक्ष बनने के बाद 2013 में ही इनसे जनपद सदस्य पद से इस्तीफा ले लिया गया और इन्हें क्षेत्र का विधानसभा का टिकट भाजपा की ओर से मिला। उन्होंने पहली विधानसभा चुनाव में भी धमाकेदार जीत दर्ज की और शानदार अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा किया।

### 2013-18 के बीच मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए हुए विकास कार्य, उन लोगो के लिए जो बोलते हैं क्या हुआ?

श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने कार्यकाल में जन भावनाओं के अनुसार क्षेत्र के विकास के लिए 2013-18 के बीच मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए हुए विकास कार्य, उन लोगों के लिए जो बोलते है क्या हुआ....मैं बताना चाहुंगा की नगरीय निकाय के कार्य जो राज्य की भाजपा सरकार द्वारा स्वीकृत हुई, शामिल नही है,इनके अलावा संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में जो विकास कार्य हुए हैं, उनमें से महत्वपूर्ण व बड़े कार्यों की जानकारी की बात की जाए तो चिरमिरी में बड़ी उपलब्धियां में केंवची से चिरमिरी-नागपुर (व्हाया कोटमी, पसान, खड़गवां) राष्ट्रीय राज्यमार्ग की स्वीकृति। लेकिन सरकार बदलने के बाद वर्तमान विधायक व सांसद द्वारा इस ओर कोई रुचि नही ली गयी। नागपुर हाल्ट स्टेशन से चिरमिरी रेलवे स्टेशन को जोड़ने रेल लाईन विस्तार का अभूतपूर्व प्रयास शुरू कर राज्य और रेलवे के बीच ज्वाइंट वेंचर 50-50 प्रतिशत व्यय राशि का एमओयु हुआ। लागत मूल्य 242 करोड़ रूपए लेकिन स्वीकृति के बाद से भूमि अधिग्रहण व राज्यांश की फाइल धूल खा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक 6 दशक पुराने लाहिड़ी महाविद्यालय का पुनरूत्थान (2.02 करोड का नवीन भवन निर्माण, 15-20 वर्षों से रिक्त प्राध्यापकों की नियुक्ति, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान की पीजी कक्षाओं का शुभारंभ, साथ ही 8 वर्षों बाद दर्ज संख्या 750 पार हुई), 1953 से स्थापित शासकीय लाहिड़ी महाविद्यालय को स्नात्कोत्तर महाविद्यालय का दर्जा प्रदान किया गया। व्यवसाय एवं दैनिक आवागमन की दृष्टि से साजापहाड़-मनेन्द्रगढ़ मार्ग 2014 में 2 करोड़ लागत से पूर्ण कराया, साथ ही आगामी बजट में डबल लेन सड़क की स्वीकृति हेतु प्रयास शुरू किया। जिसमे 6 किमी का चौड़ीकरण कार्य पूर्ण हुआ। शेष 14 किमी का उन्नयन कार्य कांग्रेस सरकार आने के बाद से लंबित है। नगर निगम चिरमिरी क्षेत्र में आजादी के बाद से पहुंच विहिन क्षेत्र लामीघोडा, मौहारीडांड, साजापहाड़, कंदामार में सड़क, पुल हेतु 2 करोड़ की स्वीकृति के साथ 236 घरों को सौर उर्जा से रौशन करने का कार्य किया। लाहिड़ी कालेज में जिले में प्रथम बीसीए की कक्षाओं का शुभारंभ, जिले में पहला। चिरमिरी-साजापहाड़-मनेन्द्रगढ़ सड़क पूर्ण कराया गया। लाईवली हुड कालेज (आजीविका महाविद्यालय) की स्थापना हेतु 6 करोड़ की स्वीकृति, 50 सीटर छात्रावास सहित। जिसे बंद करके भवन का इस्तेमाल आत्मानंद स्कूल के रूप में हो रहा है। चिरमिरी में विद्युत शवदाह गृह व एक नग एंबुलेंस हेतु 30 लाख रूपए की स्वीकृति। पंडित दीनदयाल उपाध्याय सर्व समाज मांगलिक भवन हेतु 3 करोड की स्वीकृति। लेकिन निर्माण कार्य आज तक निगम द्वारा नही कराया जा सका। लाहिडी कॉलेज में डिजिटल लाईब्रेरी हेतु 47.34 लाख रूपए की स्वीकृति। सोनावनी नाका से दुबछोला सड़क मरम्मत कार्य हेतु 1.40 करोड़ रूपए की स्वीकृति। चिरमिरी-साजापहाड़-मनेन्द्रगढ़ सड़क उन्नयन हेतु 1.16 करोड़ रूपए की स्वीकृति। चिरमिरी-साजापहाड़-मनेन्द्रगढ़ सड़क उन्नयन पुल पुलियों सहित 12 किमी हेतु 14.40 करोड़ की स्वीकृति लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद कार्य आज तक नही कराया जा सका। नवीन कोयला खदान खोलने हेतु भंडारदेई भुकभुकी की 30 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण हेतु प्रक्रिया प्रारंभ कराया। चिरमिरी की सड़कों के उन्नयन हेतु 3.5 करोड रूपए की स्वीकृति।

### 2013-18 के बीच मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र की प्रमुख बड़ी उपलब्धियां

श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा की लेदरी पाराडोल के बीच हसदेव नदी पर पुल 8 करोड़ लागत की स्वीकृति के साथ निविदा प्रक्रिया पूर्ण। मनेन्द्रगढ़ से भौंता के बीच हसदेव नदी पर एक वृहद पुल 5 करोड़ लागत की स्वीकृति। साथ ही खड़गवां के ग्रामीण क्षेत्रों को मनेन्द्रगढ़ से जोड़ने वाली सड़को पर 4 वृहद पुल 20 करोड़ लागत की प्रक्रिया टेंडर में है। लेदरी से कांसाबहरा व्हाया नारायणपुर भौता सड़क निर्माण 15 करोड़ लागत से स्वीकृत। विवेकानंद महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में 45 लाख रूपए से मिनी स्टेडियम की स्वीकृति। पंडित दीनदयाल उपाध्याय सर्व समाज मांगलिक भवन हेतु 3 करोड की स्वीकृति। लेदरी पाराडोल से बुंदेली पीएमजीएसवाई सड़क हेतु 4.90 करोड़ की स्वीकृति। झगराखाण्ड के शासकीय स्कूलो में सुविधाओं के विस्तार हेतु 56.16 लाख रूपए की स्वीकृति। नारायणपुर से पुरानी लेदरी पीएमजीएसवाई सड़क हेतु 9.20 करोड़ रूपए की स्वीकृति। औद्योगिक क्षेत्र विकास हेतु ग्राम परसगढ़ी अद्योसंरचना विकास हेतु 3 करोड़ की स्वीकृति। पाराडोल से तेंदूडांड सड़क पर हसदेव नदी पर वृहद पुल हेतु 4 करोड़ की स्वीकृति। छिपछिपी मिडिल स्कूल का हाईस्कूल में उन्नयन। ग्राम भौता में जलाशय निर्माण हेतु 2 करोड़ 50 लाख की स्वीकृति। ग्राम बंजी में कचारीनाला गुरचहवापारा में बांध निर्माण हेतु 3 करोड़ की स्वीकृति।

### 2013-18 के बीच खड़गवां क्षेत्र में प्रमुख बड़ी उपलब्धियां

श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा की मेरो से पाराडोल बीटी सड़क 7 करोड से निर्माण कार्य पूर्ण। उधनापुर से बुंदेली बीटी सड़क 7 करोड से निर्माण कार्य प्रारंभ। पेंड्री से देवाडांड व्हाया मंगोरा बीटी सड़क निर्माण 18 करोड़ लागत की स्वीकृति। रतनपुर से भरदा मार्ग पर बीटी सड़क निर्माण 10 करोड़ लागत से निर्माण कार्य प्रारंभ। मेरो से कदरेवां मार्ग पर बीटी सड़क निर्माण 5 करोड़ लागत से निर्माण कार्य प्रारंभ। खड़गवां में आईटीआई भवन एवं छात्रावास 4 करोड़ से कार्य प्रगति पर। खड़गवां जनपद क्षेत्र में सिचाई के रकबे को बढ़ाने साजाखाड जलाशय, बलसोता एनीकट, अंजनी जलाशय एवं नहर का निर्माण कार्य 30 करोड़ की लागत से कार्य पूर्णता की ओर। बुंदेली से छिपछिपी हसदेव नदी पर वृहद पुल 12 करोड़ लागत की स्वीकृति के साथ कार्य पूर्णता की ओर। रतनपुर-कोटया मार्ग के आंजन नाला में 7 करोड़ की लागत से पुल की स्वीकृति। पेंड्री से देवाडांड (व्हाया मंगोरा) बुधरा नदी पर लगभग 22 करोड की लागत के पुलों की स्वीकृति। उधनापुर से बुंदेली के बीच कोडिया नाला में 3 करोड़ लागत से पुल निर्माण की स्वीकृति के साथ कार्य प्रारंभ। खड़गवां चंनवारीडांड से जनकपुर के बीच कोडा नाला में 3 करोड़ की लागत से पुल की स्वीकृति के साथ कार्य प्रारंभ। ग्राम ठग्गांव के बगबुडी में गुडघेला नाला पर 2 करोड़ लागत से पुल की स्वीकृति के साथ कार्य प्रारंभ। खड़गवां जनपद क्षेत्र के 40 ग्रामों के 100 मजरेटोलों का विद्युतीकरण कार्य। विधायक आदर्श ग्राम उधनापुर में मिनी स्टेडियम हेतु 45 लाख की स्वीकृति। विधायक आदर्श ग्राम से पैनारी तक 3 किमी सड़क हेतु 4 करोड की स्वीकृति। ग्राम पंचायत बेलबहरा से लालपुर तक 3 किमी सड़क हेतु 4 करोड की स्वीकृति। ग्राम दुग्गी ठिहाईपारा से कन्हारबहरा करवा होतु हुए खड़गवां मुख्यालय तक 7 किमी सड़क हेतु 3 करोड की स्वीकृति। चिरमिरी कोरबा मुख्य मार्ग से महामाया मंदिर होतु हुए सिंहपुर तक 8 किमी सड़क हेतु 12 करोड़ की स्वीकृति। कोडांगी से तामडांड मार्ग पर नउवानार नाला पर पुल हेतु 6 करोड की स्वीकृति। फुनगा से बेलबहरा मार्ग पर सुखाड़ नाला पर पुल हेतु 3 करोड की स्वीकृति। पेंड्री से देवाडांड व्हाया मंगोरा मार्ग पर हसदेव नदी पर पुल निर्माण हेतु 15 करोड की स्वीकृति। रतनपुर से चोपन व्हाया कोटया सड़क निर्माण कार्य पुल-पुलियों सहित 11 करोड की स्वीकृति। देवाडांड से नरायणपुर पीएमजीएसवाई सड़क हेतु 11.70 करोड़ रूपए की स्वीकृति। शिवपुर से उधनापुर पीएमजीएसवाई सड़क हेतु 6.69 करोड़ रूपए की स्वीकृति। ग्राम दुबछोला के नवापारा में गुडघेला नाला पर 50 लाख रूपए से पुल निर्माण का कार्य प्रारंभ। पोडीड़ीह से पेंड्रा मार्ग पर कटकोना में बुधरानदी पर उच्चस्तरीय पुल 3 करोड़ की लागत से कार्य प्रारंभ। पोड़ीडीह से पेंड्रा मार्ग पर सकड़ा में सुखाड़नदी पर उच्चस्तरीय पुल 3 करोड की लागत से कार्य प्रारंभ। नवीन स्कूल प्रारंभ - क. रतनपुर (हाई स्कूल) ख. जरौंधा (हायर सेकेण्ड्री) ग. कोड़ा (हायर सेकेण्ड्री)। वाटर एटीएम की स्थापना 5 नग (खड़गवां, रतनपुर, कोड़ा, देवाडांड व उधनापुर)। नवीन हास्पिटल - ग्राम रतनपुर में भवन हेतु 55 लाख रूपए की स्वीकृति। 100 करोड़ की लागत से विभिन्न स्टाप डेम, पुल, पुलिया, सीसी सड़क, मनरेगा व रोजगार मुलक कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई। कौडीमार से डोमनीडांड सड़क पर हसदेव नदी पर वृहद पुल निर्माण हेतु 4 करोड़ की स्वीकृति। बरदर से पीपरबहरा 5 किमी सड़क निर्माण पुल पुलियों सहित हेतु 6 करोड़ की स्वीकृति। मंझौली मिडिल स्कूल का हाईस्कूल में उन्नयन। ग्राम कोड़ा नेवरी में गिधराउबका जलाशय निर्माण हेतु 23 करोड़ 63 लाख की स्वीकृति। ग्राम कौड़ीमार में जलाशय निर्माण हेतु 3 करोड़ 50 लाख की स्वीकृति। ग्राम कटकोना में संग्राम घोघरा में बांध निर्माण हेतु 3 करोड़ की स्वीकृति।

### 2013-18 के बीच की कुछ विशेष उपलब्धियां

मनेन्द्रगढ़ विधानसभा के चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, झगराखाण्ड व खड़गवां में शुद्ध पेयजल हेतु 1.75 करोड़ की लागत से 25 नग कोरिया नीर वाटर एटीएम की स्थापना। बहुदेशीय जल परियोजना हेतु हसदेव नदी में केवई नदी को जोड़ने का अभूतपूर्व प्रयास। सत्ता परिवर्तन के बाद परियोजना अधर में रह गयी। 250 आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों का मुख्यमंत्री संजीवनी कोष से प्रत्येक का 1-2 लाख रूपए की वित्तीय सहायता से ईलाज हेतु किया गया। चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़ व झगराखाण्ड शहरों में जल आवर्धन योजना हेतु 5-5 करोड़ रूपये राशि से एनीकट निर्माण की स्वीकृति। विधानसभा क्षेत्र में पहली बार चिरमिरी व मनेन्द्रगढ़ में प्रति सप्ताह एक दिन विधायक कार्यालय में जनसंवाद कार्यक्रम शुरू किया।

### क्षेत्र के विकास के लिए श्याम बिहारी के आगामी विजन

घटती घटना के संवाददाता से बातचीत में श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि यदि क्षेत्र की जनता और प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता में लाती है, और मुझे दोबारा मौका मिलता है तो कुछ महत्वपूर्ण कार्य जो क्षेत्र के लिए मेरे विगत कार्यकाल में नहीं हो पाए, जो सदैव से मेरे जेहन में हैं वह यह की क्षेत्र को प्रदेश के आदर्श जिले, आदर्श क्षेत्र के रूप में स्थापित करना, मनेंद्रगढ़ विधानसभा में बेरोजगारी दूर करने के लिए लघु कुटीर उद्योग, व्यवसायिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं को लाना, नवीन खदानों के माध्यम से विस्थापन को रोकना, नागपुर चिरमिरी रेल लाइन को पूर्ण कराना, 100 लघु कुटीर उद्योग की स्थापना, इनके अलावा भी कई बृहद योजनाएं मेरे महत्वपूर्ण विजन में हैं।

### अपने कार्यकाल के कार्यों के बलबूते मैदान में

मनेंद्रगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल से बातचीत में यही लगा कि उनकी प्रतिद्वंदिता किसी और से नहीं बल्कि स्वयं से है। जहां वे स्वयं को और क्षेत्र को बेहतर करने के प्रयास में निरंतर लगे हुए हैं। उनमें लोगों का सामना करने की क्षमता है क्योंकि उन्होंने अपने कार्यकाल में ऐसे कार्यों को मूर्त रूप दिया है जो आज भी लोगों की सुख-सुविधाओं का बायस हैं। और यही कारण है कि उन्हें पर्याप्त जन समर्थन है। वह अपनी उपलब्धियों को लेकर मैदान में हैं। यदि भारतीय राजनीतिक पार्टियां और उनके नुमाइंदे आम जनता को बरगलाने के बजाय अपनी उपलब्धियों को लेकर सामने आए, तो अपने क्षेत्र के लिए जनसेवक चुनने में जनता को भी आसानी होगी। छत्तीसगढ़ में 15 साल बनाम 5 साल का यह चुनाव सबसे ज्यादा रोचक होने वाला है, क्योंकि विगत चुनाव में तुलनात्मक स्थिति नहीं थी। परंतु इस चुनाव में जनता के पास तुलना का विकल्प होगा। बहरहाल चुनाव में अभी समय है और आगे जो होगा वह भविष्य के गर्भ में है। परंतु यदि कोई जनप्रतिनिधि अपनी उपलब्धियों को जनता के समक्ष गिना पाता है, तो निश्चय ही जनता भी उसे सर आंखों पर बिठाएगी।

# राज्य स्तरीय आदिवासी लोक कला महोत्सव आज

- प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को 1 लाख रुपये की पुरस्कार

- संवाददाता -

अम्बिकापुर , 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ शासन के निर्णयानुसार शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति आदिवासी लोक कला महोत्सव 2022 का राज्य स्तरीय आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 21 दिसंबर 2022 को अपरान्ह 2.00 बजे से राजमोहनी भवन अम्बिकापुर में होगा। महोत्सव के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री एवं आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के मंत्री डॉ0 प्रेमसाय सिंह टेकाम होंगे एवं अध्यक्षता खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री अमरजीत भगत करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में आदिवासी लोकनृत्य प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को 1 लाख रुपये, द्वितीय को 50 हजार रुपये एवं तृतीय को 25 हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सीजीएमएससी अध्यक्ष एवं लुण्ड्रा विधायक डॉ0 प्रीतम राम, छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री भानुप्रताप सिंह, खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री गुरप्रीत सिंह बाबरा, वनौषधि पादप विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री बालकृष्ण पाठक, श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री शफी अहमद,बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, महापौर डॉ0 अजय तिर्की, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव सहित अन्य जनप्रतिनिधि सम्मिलित होगें।

# एसडीओपी ने थाना ओड़गी का किया अर्द्धवर्षिक निरीक्षण

- कानून व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखते हुए बेहतर पुलिसिंग करने के निर्देश दिए

- संवाददाता -

सूरजपुर, 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)। पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर तथा जारी रोस्टर के अनुसार एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी ने मंगलवार को थाना ओड़गी का द्वितीय अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओपी द्वारा पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के वेश-भूषा का जायजा लिया और उत्कृष्ट टर्न आउट पर जवानों को पुरस्कृत करने प्रतिवेदन भेजा। पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के साथ ही कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में मार्गदर्शन दिया।



एसडीओपी ने पुलिस जवानों को हमेशा खुश रहने का टिप्स दिए व उनकी समस्याओं को सुनते हुए यथोचित निराकरण का आश्वास दिया। थाना प्रभारी व विवेचकों को लंबित अपराधों, मर्ग, गुम, शिकायत और लंबित वारंटों की निकाल करने, थाना में फरियाद लेकर आने वाले लोगों से बेहतर संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए तत्काल उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। थाना के रिकार्ड संधारण व साफ-सफाई बेहतर पाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ओड़गी एन.के.त्रिपाठी, चौकी प्रभारी कुदरगढ़ एन.के.राय, सहित थाना ओड़गी व चौकी कुदरगढ़ के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का सूरजपुर में किया गया पुतला दहन






- संवाददाता -
सूरजपुर, 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

आज विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल छत्तीसगढ़ प्रांतीय आह्वान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा भगवा पहनने वालों बजरंगियो को गुंडा व वसूली करने वाला बोलने के विरोध में बजरंग दल विभाग संयोजक दिनेश साहू के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन सूरजपुर स्थानीय अग्रसेन चौक में किया गया। बजरंग दल विभाग संयोजक ने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा भगवाधारियों के लिए इस प्रकार बयान बाजी करना बेहद शर्मनाक व आपत्तिजनक है, भगवा हिन्दू धर्म के स्वाभिमान का प्रतीक है मुख्यमंत्री का भगवा पर इस प्रकार टिका टिप्पणी करना उनकी विछिप्त मानसिकता को दर्शाता है। जिस प्रकार मुख्यमंत्री के पिता के द्वारा कई बार हिन्दू धर्म को बदनाम करने हेतु भगवान श्रीराम के लिये अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है आज मुख्यमंत्री भी अपने पिता के नक्शे कदम पर चलकर हिन्दू धर्म के प्रतीक भगवा को अपने राजनीतिक लाभ के लिये बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं उनकर इस प्रकार के बयान पर हिन्दू समाज आक्रोशित है। जिसके विरोध में आज मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया है।

उक्त कार्यक्रम में बजरंग दल जिला संयोजक सुजीत सिंह, जिला सह संयोजक संजय देवांगन, नगर संयोजक अनुज साहू, प्रखंड संयोजक प्रह्लाद निसाद सहित साप्ताहिक मिलन प्रमुख पवन गुप्ता, गौसेवा प्रमुख पुष्पेंद्र अग्रहरि, आकाश देवांगन, तुलेश्वर राजवाड़े, अजित राजपूत, रितेश यादव, उपेन्द्र राजवाड़े, अभिषेक सिंह, अंकुश गुप्ता, युगेश राजवाड़े, रोहन राजवाड़े, प्रशांत कुशवाहा, अतुल कुशवाहा, रवि चौरसिया, गजेंद्र कनेरिया, उमेश साहू, राहुल ठाकुर, अमिश साहू, विपिन साहू, अभिषेक कुशवाहा, भूपेश कुशवाहा, राहुल यादव, अनूप विश्वास, शानू साहू, गुप्तेश्वर साहू, विक्रम यादव, आशीष राजवाड़े, भूपेंद्र राजवाड़े, राजेन्द्र निसाद, रोहित यादव, डिकेश प्रजापति, दीपक देवांगन, आकाश साहू, गोलू पांडेय, बालेन्द्र मिश्रा, परमेंद्र प्रजापति, संदीप प्रजापति, मनोज यादव, श्यामलाल प्रजापति, शैलेंद्र, नीरज राजवाड़े, करन निसाद, देबधनी प्रजापति, तिलक सिंह, अपराशन सिंह, पंकज प्रजापति, प्रह्लाद प्रजापति, चंद्रभान सिंह, गिरजा शंकर, प्रियांशू सोनी, यश राजवाड़े, सन्दीप राजवाड़े, जितेंद्र राजवाड़े, बल्केश्वर राजवाड़े, राहुल राजवाड़े, विशाल गुप्ता, प्रेम गुप्ता, शरद राजवाड़े, अर्जुन राजवाड़े, अर्जुन सिंह, राजअभिषेक राजवाड़े, विकाश प्रजापति, आर्यन चौबे, शुभम गुप्ता, अविनाश यादव, असोनि देवांगन, निकसोनु राजवाड़े, अमन गुप्ता, अजित, अमन देवांगन, भुनेश्वर सिंह, खिकानंद यादव, नेमीचंद सिंह, कन्हैया सिंह, सूरज सिंह, मौषम सिंह, समीर साहू, देवचंद सिंह, विनोद सिंह, दीपक सिंह, दीक्षित सहित सैकड़ों की संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने रैली निकाल कर अपनी आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा



- संवाददाता -
सूरजपुर, 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

यहां रंगमंच मैदान में पिछले छ दिनों से हड़ताल कर रहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को एक रैली निकाल कर अपनी आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा है। भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले 14 दिसम्बर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हड़ताल पर रही इस दौरान जिले भर के आंगनबाड़ी बंद रहे। हड़ताल पर डटी कार्यकर्ताओ का कहना है कि उनकी सबसे महत्वपूर्ण मांग यही है कि,छत्तीसगढ़ शासन ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में स्पस्ट कहा है कि हम सत्ता में आते ही,अपलोगों को नियमित तो नही,लेकिन आपके कार्य के लिए कलेक्टर दर पर पैसा जरूर देंगे।लेकिन शासनकाल 4 वर्ष पूरे हो गया,और आज तक इन्होंने हमारी सुध नही ली है।और हम मुख्यमंत्री से कहना चाहेंगे कि वो अपने वादों को पूर्ण करें। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपने इस आंदोलन में जनजागरूकता कार्यक्रम जैसे,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और स्वच्छता अभियान पर अपने सुआ गीत के माध्यम से संदेश दिया है।आंदोलन में जिलाध्यक्ष श्यामपति देवांगन, जिलामंत्री चंदा राजवाड़े, और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुमन मति केराम ,शशिकला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही।मंगलवार को रंगमंच से एक रैली निकाल कर जिला कार्यालय तक गई जहाँ आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में वर्तमान में मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का पद समाप्त करते हुए सीधे मुख्य आंगनबाड़ी केंद्र का पद निकाला जाए,साथ ही वर्तमान में मिनी कार्यकर्ता को मुख्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घोषित किया जाए।आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं का 9 माह का एरियर्स का भुगतान अविलंब करें।पोषण ट्रैकर एप्प में काम करने के लिए इंटरनेट का राशि दे नई शिक्षा नीति के तहत,अनुभवी एवम योग्यता रखने वाली कार्यकर्ता सहायिकाओं को स्कूलों में प्री प्राइमरी शिक्षका एवं सहायक प्री प्राइमरी शिक्षिका पद पर पदोन्नति दे।रिक्त पर्यवेक्षक पदों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को योग्यता और अनुभव के आधार पर शतप्रतिशत पदोन्नति करें।आंगनबाड़ी में कार्यरत कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं को जीवन निर्वाह भत्ता, सेवा निवृत्त पेंशन,चिकित्सा सुविधा एवम उनके बच्चों के लिए शिक्षा नीति लागू करने आदि की मांग की गई है।

## मुख्यमंत्री बघेल द्वारा भगवा रंग के विरोध में पूरे प्रदेश भर में भूपेश बघेल का पुतला दहन

-देवव्रत राय-
रामानुजगंज, 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

रामानुजगंज लारंग साय चौक में बजरंग दल द्वारा पठान फ़िल्म के बेशर्म रंग गाने में हीरोइन को भगवा वस्त्र में आपत्ति जनक स्थिति में दिखाया गया। जिसकी चिंगारी छत्तीसगढ़ तक पोहोच गई इसी बीच छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल द्वारा बजरंगदल बजरंगी एवं भगवा ओढ़ने वालो को गुंडा एवं वसूली करने वाला बताया गया,जिसके विरोध पूरे प्रदेश भर में भूपेश बघेल का पुतला दहन किया गया।रामानुजगंज थाना पुलिस बल द्वारा पुतला को छिन्न-भिन्न करके पानी का छिड़काव से पुतला दहन को रोका गया ।



जिला बलरामपुर के रामानुजगंज में भी पुतला दहन किया गया,जिसमें जिला संयोजक जशु केशरी,नगर संयोजक नयन गुप्ता,नगर सहसंयोजक सुसील मेहरा , नेहाल कश्यप , सूरज कश्यप , आशीष चौबे ,आकाश ठाकुर , निखिल गुप्ता ,अविनाश मेहता , अमित कुशवाहा ,आकाश तिवारी , हरिनन्द ठाकुर , रविशंकर कुशवाहा , यश रवि , आनंद रही , रिंकू , पिंकू , जैनेन्द्र यादव।

## अतिक्रमणकारी पार्षद अपात्र घोषित,5 एकड़ जमीन पर कब्जा

- संवाददाता -
कोरबा, 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



कोरबा जिले के कटघोरा विकासखण्ड अंतर्गत नगर पंचायत छुरी के वार्ड क्रमांक 9 के कांग्रेस पार्षद हीरालाल यादव को 5 एकड़ सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करना भारी पड़ गया। कलेक्टर ने उसे बाकी कार्यकाल के लिए अपात्र घोषित कर दिया है। बेजा कब्जा के मामले में यह पहली कार्रवाई है।नगर पंचायत छुरी की अध्यक्ष नीलम देवांगन ने कलेक्टर न्यायालय में आवेदन किया था कि पार्षद हीरालाल यादव ने नगर पंचायत क्षेत्र में पुष्प वाटिका के लिए प्रस्तावित स्थल पर लगभग 5 एकड़ पर अतिक्रमण कर बाउंड्री बना ली है। कटघोरा तहसीलदार ने जब इसकी जांच की तो सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करना पाया गया। एसडीएम कटघोरा ने भी मामले में प्रकरण दर्ज कर पार्षद को नोटिस जारी किया था। कलेक्टर ने आदेश में कहा है कि कोई भी जनप्रतिनिधि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करता है तो वह गंभीर प्रकरण है। इससे जनता में नकारात्मक संदेश जाता है। इससे सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वाले लोगों को प्रश्रयमिलेगा। इस वजह से पार्षद हीरालाल यादव के वर्तमान कार्यकाल के शेष अवधि के लिए पार्षद होने के पात्र नहीं रहेंगे। नगर पंचायत में कांग्रेस से ही नीलम देवांगन अध्यक्ष हैं। पहली बार किसी पार्षद को सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की गई है। विगत महीने में नगर पालिक निगम कोरबा के एल्डरमैन एवं बुधवारी वार्ड के पार्षद सुख सागर निर्मलकर के द्वारा घंटाघर मार्ग में शबरी एंपोरियम के बगल योजना के लिए आरक्षित भूमि पर बेजा निर्माण कराया जा रहा था। इसकी जानकारी होने पर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने यहां राजस्व और पुलिस अमले के साथ पहुंचकर अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की। हालांकि इस मामले में एल्डरमैन पर कोई कार्यवाही तो नहीं हुई लेकिन उनका कब्जा जरूर हटाया गया । जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में और भी कई निकाय प्रतिनिधि जो वर्तमान में कार्यरत हैं और पूर्व रह चुके हैं, उनके द्वारा भी जमीनों पर कब्जा किया और कराया गया है। कईयों ने तो बेजा कब्जा की जमीनों को बिक्री कर इससे अच्छी खासी आमदनी प्राप्त कर अपने लिए संपत्ति का भी निर्माण कर लिया है। नगर पंचायत छुरी के मामले में की गई कार्यवाही की तरह अन्य अतिक्रमणकारियों पर भी शिकंजा कसा जाना चाहिए, पर सवाल है कि इसकी शिकायत की जहमत कौन उठाएगा ।

## थाना चौकियों के सामने से परिवहन होता प्रति ट्रैक्टर अवैध रेत,नहीं किया जा रहा कार्यवाही



- संवाददाता -
कोरबा, 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोरबा जिले में रेत तस्करों की सक्रियता किस हद तक बढ़ गई है इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि घाट पर मौजूद लोगों की कब्रें गायब होने लगी है। घाट के बंद होने के बावजूद दिन रात रेत निकाला जा रहा है । जिसके कारण कई कब्रें जर्जर होकर लटकने लगी है। सब जानने के बाद भी पुलिस और खनिज विभाग आंख मूंद कर बैठा हुआ है ,जिससे लोगों का आक्रोश अब बढ़ने लगा है। रेत तस्करों द्वारा कहीं अन्य जगह का रॉयल्टी पर्ची दिखाकर कहीं और जगह से उत्खनन कर रहे हैं । विभाग को इसकी पूरी जानकारी है ,इसके बौजूद भी किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं किया जाना समझ से परे है । सुबह से लेकर शाम तक थाना व चौकियों के सामने से एक के बाद एक बिना रजिस्ट्रेशन नंबर लगे ट्रैक्टर निकल रहे हैं । चौक चौराहे पर खड़े यातायात के जवान को या तो यह अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर दिख नहीं रहे या फिर अधिकारियों के कहने पर देखना नहीं चाहते है । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेत माफिया द्वारा थाना चौकियों पर प्रति ट्रैक्टर के हिसाब से रुपए बांध दिए गए हैं, इसलिए थाना चौकी के प्रभारी इन ट्रैक्टर चालकों व मालिकों पर कार्यवाही नहीं करती । शहर के गेवरा घाट ,सीतामढ़ी, बालको ,कुसमुंडा ,कटघोरा सहित अन्य रेत घाटों से बड़े मात्रा में अवैध उत्खनन किया जा रहा हैं । रेत तस्करों के कारण घाट पर मौजूद लोगों की कब्रें गायब होने लगी है, जिससे उनके परिजन दिन ब दिन आक्रोशित होते जा रही है। बंद रेत घाट से रोज दिन और रात रेत की चोरी की जा रही है । लेकिन कार्यवाही के नाम पर कुछ नहीं होने से उनके हौसले दिन ब दिन बुलंद होते जा रहे है। सीतामढ़ी रेत घाट में रेत तस्करों के चलते मौत के बाद कब्र में मौजूद लोगों की लाशें गायब होने लगी है। लोगों का कहना है कि 30 से 40 की संख्या में कब्र गायब हो चुकी है । वहीं लगातार रेत की निकासी के कारण कई कब्रें जर्जर होकर लटकने लगी है। वार्ड पार्षद का कहना है कि रेत तस्करों के खिलाफ अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो उनके द्वारा कोतवाली थाने का घेराव किया जाएगा। रेत तस्करों ने जिस तरह से लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हुए उनके परिजनों के कब्रों को खोद दिए है उससे वे काफी दुखी है। उनका कहना है,कि हर साल उनके द्वारा परिजनों की समाधि पर पूजा पाठ की जाती है, मगर जिस तरह से कब्र ही गायब हो गई है,तो पूजा पाठ कैसे करें। उन्होंने प्रशासन से इस दिशा में कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग कर रहे है। खनिज और पुलिस विभाग की अनदेखी से यह स्थिती निर्मित हुई है। अगर जल्द रेत तस्करों के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई तो, लोगों का आक्रोश सड़कों पर उतरने में देरी नहीं लगेगी ।



### निजात अभियान के तहत पुलिस द्वारा ग्राम कोहड़िया के शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय में चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

- संवाददाता -
कोरबा, 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

दिनांक 20/12/022 को पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे निजात अभियान के तहत ग्राम कोहड़िया के शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय के बच्चो एवं स्टाफ को निजात अभियान के अंतर्गत लोगो को अवैध नशे के दुष्प्रभाव के साथ सायबर अपराध से बचाव के उपाय, हमर बेटी हमर मान, नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान, अभिव्यक्ति ऐप, गुड़ टच बेड टच के बारे में,साइबर क्राइम, एवं यातायात से संबंधित नियमों की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। जिसमे ग्राम कोहड़िया के शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी एवं स्कूल स्टाफ उपस्थिति थे । कोरबा पुलिस द्वारा चलाया जा रहा निजात अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा ।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0-202209020700157
अ-27/2021-22

**फर्द बटवारा का अंतिम प्रकाशन**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा0प्र0क्र0 202209020700157/अ-27/2021-22 पक्षकार प्रदीप प्रति प्रमिला, ग्राम नमनाकला स्थित भूमि खसरा नंबर 94/1, 132/1, 132/7, 132/11, 133/2, 133/14, 133/23, 134/1, 137/1, 137/12, 157/24 रकबा क्रमशः 0.008, 0.040, 0.001, 0.001, 0.100, 0.108, 0.040, 0.089, 0.056, 0.040, 0.406 हे0 खसरा नंबर 11 कुल रकबा 0.889 हे. भूमि का फर्द बटवारा सूची हल्का पटवारी से प्राप्त हुआ है, जिसका अंतिम प्रकाशन कराया जा रहा है। अतः उक्त फर्द बटवारा में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/01/2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार, अम्बिकापुर, सरगुजा

**निधन**

**कौशल्या देवी**

सूरजपुर, 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



रामानुजनगर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत पतरापाली के निवासी श्रीमती कौशल्या देवी मंगलवार को दोपहर में निधन हो गया व 106 वर्ष की थीं उनका अंतिम संस्कार आज स्थानीय मुक्तिधाम ग्राम पंचायत पतरापाली में किया जाएगा , अपने पीछे पुत्र विश्वनाथ पटेल , महेंद्र पटेल, सुरेंद्र पटेल, पोता विद्याचरण पटेल , पुलिस आरक्षक राजेश पटेल, विकास पटेल सहित भरापूरा परिवार शोकाकुल छोड़ गई हैं।

## ठेका कंपनी दिलीप बिल्डकॉन बरत रही थी लापरवाही, ट्रैफिक डीएसपी की फटकार के बाद किया गया काम शुरू

- संवाददाता -
कोरबा, 20 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



जिले में कटघोरा से अंबिकापुर के बीच टू-लेन सड़क बनने के बाद से हाईवे-130 हादसों का हाईवे साबित हो रहा है, क्योंकि प्रत्येक वर्ष सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटना और मौत हाईवे पर ही होता रहा है। इस साल भी करीब 30 फीसदी दुर्घटना और मौत उक्त हाइवे पर ही हुई है। करीब 01 माह पहले सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक में कटघोरा-अंबिकापुर रोड पर कटघोरा और बांगो थाना क्षेत्र में दुर्घटना के बढ़ते ग्राफ को लेकर कलेक्टर संजीव झा ने चिंता जताते हुए जरूरी कवायद करने के निर्देश जिम्मेदार विभागों को दिए थे। इसके बाद यातायात पुलिस, परिवहन विभाग, पीडब्ल्यूडी व एनएचएआई के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से कटघोरा से लेकर जिले की सीमा तक करीब 40 किलोमीटर सड़क का सर्वे कर 12 ब्लैक स्पॉट तय किया, जहां ब्रेकर, संकेतक बनाने के निर्देश हाईवे सड़क निर्माण कर रही ठेका कंपनी दिलीप बिल्डकॉन को दिए गए थे, लेकिन ठेका कंपनी द्वारा लापरवाही बरतते हुए काम को शुरू नहीं किया गया, न तो ब्रेकर बनाया जा रहा था और न ही दूसरी कोई कवायद की जा रही थी।ट्रैफिक डीएसपी शिवचरण सिंह परिहार ने ठेका कंपनी की इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए ठेका कंपनियों के अफसरों को फटकार लगाई। इसके बाद कंपनी पुनः काम शुरू किया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला सरगुजा,(छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0-/ब-121/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश कुमार आ0 श्री अर्जुन राम, जाति रजवार, निवासी ग्राम रनपुरखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. द्वारा ग्राम रनपुरखुर्द स्थित खसरा नंबर 144/1, 411/7, 496/6, 785 कुल रकबा 0.9410 हे0 भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी करने बावत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 09/01/2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 15/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नायब तहसीलदार, अम्बिकापुर-02

CMYK

## अपने ही घर में मुंह के बल गिरी पाकिस्तान की टीम,इंग्लैंड के सामने ना चल पाई एक

# इंग्लैंड ने पाकिस्तान का 3-0 से सूपड़ा साफ किया

### हैरी ब्रूक बने श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**कराची ,20 दिसम्बर 2022।** इंग्लैंड ने मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। इंग्लैंड ने सुबह जब अपनी पारी शुरू की तो उसे जीत के लिए केवल 55 रन की दरकार थी। उसने 38 मिनट में ही अपना स्कोर दो विकेट पर 170 रन पर पहुंचा कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। यह पहला अवसर है जबकि पाकिस्तान को अपनी धरती पर तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड के 18 वर्षीय रेहान अहमद (48 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी से पाकिस्तान दूसरी पारी में 216 रन पर आउट हो गया था और उसने इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 167 रन का लक्ष्य रखा था।

बेन डकेट ने 50 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और वहां 78 गेंदों पर 82 रन बनाकर नाबाद रहे। उनके साथ कप्तान बेन स्टोक्स 35 रन बनाकर नाबाद रहे। इस तरह से इंग्लैंड ने लगातार दूसरे टेस्ट मैच में एक दिन से भी अधिक का समय शेष रहते हुए



जीत दर्ज की। पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद दो टेस्ट मैचों में 18 विकेट हासिल कर देते लेकिन जब इंग्लैंड लक्ष्य से 19 रन दूर था तब आगा सलमान ने उनकी गेंद पर स्टोक्स का मुश्किल के छोड़ दिया था। इंग्लैंड ने रावलपिंडी की सपाट पिच पर पहला टेस्ट मैच 74 रन से जीता था जबकि मुल्तान में दूसरा टेस्ट उसने 24 रन से जीत कर अजेय बढ़त हासिल की थी।

नेशनल स्टेडियम को पाकिस्तान का किला माना जाता है लेकिन रेहान बट ने तीसरे दिन शानदार गेंदबाजी करके इसमें सेंध लगाई जबकि जॉक क्राउली (41) ने डकेट के साथ मिलकर तेजतर्रार शुरुआत की और तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड का स्कोर दो विकेट पर 112 रन तक पहुंचाया। नेशनल स्टेडियम में खेले गए 45 टेस्ट मैचों में पाकिस्तान की यह केवल तीसरी और पिछले 15 वर्षों में पहली हार है। इंग्लैंड पहली टीम था जिसने 2000 में पाकिस्तान को यहां टेस्ट मैच में हराया था। इसके सात साल बाद दक्षिण अफ्रीका ने नेशनल स्टेडियम में जीत दर्ज की थी। पाकिस्तान ने घरेलू धरती पर लगातार चौथा टेस्ट मैच गंवाया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने उसे दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के आखिरी मैच में पराजित करके 1-0 से श्रृंखला जीती थी। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 304 रन बनाए थे जिसके जवाब में इंग्लैंड ने 354 रन बनाकर पहली पारी में 50 रन की बढ़त हासिल की थी। इंग्लैंड ने अपने आक्रामक रवैये के कारण इस श्रृंखला में क्लीनस्वीप किया। उसके बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने तीनों टेस्ट मैच में शतक जमाए। उन्होंने तीन मैचों में 468 रन बनाए तथा उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।



## फ्रांस की हार के साथ ही बेनजेमा ने की संन्यास की घोषणा

**नईदिल्ली,20 दिसम्बर 2022।** फीफा वर्ल्ड कप समाप्त हो चुका है और अर्जेंटीना ने इस खिताब को अपने नाम कर लिया है। इस खिताबी मुकाबले में फ्रांस को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इस मुकाबले के पहले ये था की मेसी इस वर्ल्ड कप के बाद संन्यास की घोषणा कर देंगे लेकिन इस बार फ्रांस की हार के साथ ही स्टार फॉरवर्ड खिलाड़ी और बेलोन डियोर पुरस्कार जीत चुके करीम बेनजेमा ने संन्यास का ऐलान कर दिया।

फीफा विश्व कप के फाइनल में फ्रांस की हार के बाद सोशल नेटवर्क पर एक पोस्ट कर संकेत दिए कि वह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले रहे हैं। बेनजेमा ने अपने 35वें जन्मदिन पर फ्रांस की शर्ट में अपनी एक तस्वीर को पोस्ट किया और लिखा, मैं आज जहां हूं वहां पहुंचने के लिए मैंने प्रयास किया और गलतियां की और मुझे इस पर गर्व है! मैंने अपनी कहानी लिख ली है और हमारी कहानी खत्म हो रही है।

जानकारी के अनुसार विश्व के स्टार खिलाड़ी के रूप में पहचान रखने वाले बेनजेमा फीफा वर्ल्ड कप नहीं खेल पाए थे। पिछले महीने कतर में टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही बेनजेमा की जांघ की मांसपेशियों में चोट लग गई थी। जिसके बाद वो टीम से बाहर हो गए थे।

## दूसरे टेस्ट से पहले भारत को लगा बड़ा झटका

# रोहित शर्मा के अलावा यह खिलाड़ी भी हुआ टीम से बाहर

**ढाका, 20 दिसम्बर 2022।** भारत और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेली जा रही है। पहला टेस्ट मुकाबला भारत जीत चुका है। वहीं, दूसरा मैच 22 दिसंबर को शुरू होगा। एकदिवसीय श्रृंखला में चोटिल हुए रोहित शर्मा दूसरे टेस्ट मुकाबले में भी नहीं खेल पाएंगे। दूसरे टेस्ट से रोहित शर्मा की अनुपस्थिति को लेकर बीसीसीआई ने पुष्टी कर दी है। बीसीसीआई ने साफ तौर पर कहा है कि रोहित शर्मा अभी भी मेडिकल टीम की निगरानी में हैं। एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान रोहित शर्मा के बाएं अंगूठे में चोट लगी थी। जानकारी के मुताबिक रोहित शर्मा को पूरी तरीके से फिट होने में कुछ वक्त लग सकता है। रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में केएल राहुल भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे हैं। हालांकि, दूसरे टेस्ट से पहले भारत को एक और बड़ा झटका लगा है। टीम इंडिया में काफी लंबे समय के बाद शामिल किए गए नवदीप सैनी मांसपेशियों के खिंचाव के कारण दूसरे टेस्ट मुकाबले से बाहर हो गए हैं। नवदीप सैनी अब सीधे नेशनल



क्रिकेट अकादमी, बेंगलुरु पहुंचेंगे। यहां नवदीप सैनी की मेडिकल निगरानी की जाएगी। पिछले दिनों रोहित शर्मा के अनुपस्थिति में अभिमन्यु ईश्वरन को टीम में शामिल किया गया था। भारत और बांग्लादेश के बीच 22 से 26 दिसंबर के बीच ढाका में दूसरा टेस्ट मुकाबला खेला जाएगा।

पहले टेस्ट मैच की बात करें तो भारत ने इस से 188 रनों से जीत लिया था और श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की थी। इस मुकाबले में कुलदीप यादव को मैन ऑफ द मैच दिया गया था। पहली पारी में श्रेयस अय्यर ने शानदार बल्लेबाजी की थी तो वहीं दूसरी पारी में चेतेश्वर पुजारा और शुभमन गिल ने शानदार शतक जमाया था। भारत के लिए बांग्लादेश दौरा ठीक नहीं रहा है। वनडे श्रृंखला में भारत को हार मिली थी। पहले वनडे में बांग्लादेश 1 विकेट से जीत गया था। दूसरे वनडे में 5 रनों से जीता था। तीसरा वनडे भारत के पक्ष में रहा था। तीसरे वनडे में भारत ने बांग्लादेश को 227 रनों से हराया था। इस मुकाबले में ईशान किशन ने दोहरा शतक लगाया था।

# ईशान किशन की नजर में यह हैं वर्ल्ड के चार बेस्ट कप्तान

### सूची में एक भारतीय भी शामिल

**नईदिल्ली,20 दिसम्बर 2022।** हाल में ही बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक जमा कर सुर्खियों में आए युवा क्रिकेटर ईशान किशन किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। लिमिट ओवर क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। भारत के लिए कई मुकाबलों में वह खेल चुके हैं। इसके अलावा आईपीएल में सबसे ज्यादा रकम में बिकने वाले खिलाड़ी भी ईशान किशन है। हाल में ही एक यूट्यूब चैनल से बातचीत के दौरान ईशान किशन ने विश्व के अपने चार पसंदीदा कप्तानों के बारे में बताया है। ईशान किशन ने इसमें पहले नंबर पर भारत के पूर्व कप्तान और विश्वकप विजेता महेंद्र सिंह धोनी को रखा है। महेंद्र सिंह धोनी को ईशान किशन अपना आदर्श भी मानते हैं। महेंद्र सिंह धोनी की तरह ईशान किशन ने भी झारखंड से ही खेला है।

ईशान किशन ने दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को रखा है। रिकी पोंटिंग ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं। ईशान किशन ने इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ को रखा है। टेस्ट क्रिकेट में ग्रीम



स्मिथ को सबसे शानदार कप्तान के रूप में याद किया जाता है। वहीं, ब्रैंडन मैकुलम को ईशान किशन में चौथे नंबर पर रखा है। ब्रैंडन मैकुलम न्यूजीलैंड के लिए खेलते रहे हैं। ब्रैंडन मैकुलम लिमिट ओवर क्रिकेट के शानदार खिलाड़ी थे। वह बेहतर बल्लेबाज के साथ साथ अच्छे विकेटकीपर भी थे। आश्चर्य की बात है कि ईशान किशन में 4 बेस्ट कप्तानों में वर्तमान के किसी भी कप्तान को शामिल नहीं किया है। यहा तक कि उन्होंने अपनी सूची में रोहित शर्मा और विराट कोहली को भी नहीं रखा है।

### बेस्ट बल्लेबाज

ईशान किशन से बेस्ट बल्लेबाज के बारे में भी पूछा गया। इसमें उन्होंने पहले नंबर पर विराट कोहली को रखा है। दूसरे नंबर पर स्टीव स्मिथ को, तीसरे पर केन विलियमसन और चौथे नंबर पर इंग्लैंड के जो रूट है। टॉप 4 गेंदबाजों में ईशान किशन ने एक नंबर पर जसप्रीत बुमराह को रखा। दूसरे पर मिचेल स्टार्क, तीसरे पर ऑस्ट्रेलिया के ही पैटकमिंस हैं जबकि चौथे पर पाकिस्तान के शहीन शाह अफरीदी हैं। इसके अलावा उन्होंने रोहित शर्मा को लेकर भी अपनी राय रखी है। रोहित शर्मा के तीन दोहरे शतक पर बात करते हुए ईशान किशन ने साफ तौर पर कहा कि या किसी चमत्कार से कम नहीं है।



## रिचा घोष ने आईसीसी महिला टी 20 में चार पायदान आगे बढ़कर 40 वें स्थान पर बनाई जगह

**दुबई ,20 दिसम्बर 2022।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 19 गेंदों पर नाबाद 40 रन बनाने वाली भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में चार पायदान आगे बढ़कर 40वें स्थान पर पहुंच गई हैं.

भारत की ही दीप्ति शर्मा रैंकिंग के साप्ताहिक अपडेट के बाद एक पायदान ऊपर 32वें स्थान पर पहुंच गई हैं. ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एशलीग गार्डनर ने भी शनिवार को चौथे मैच में अपनी टीम को सात रन से जीत दिला कर पांच मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त दिलाने में अहम योगदान देने पर अपनी रैंकिंग में सुधार किया है.

### एक पायदान चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गई

गार्डनर ने इस मैच में 42 रन बनाने के अलावा दो विकेट भी लिए थे. वह बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान ऊपर नौवें स्थान पर पहुंच गई हैं. गेंदबाजों की सूची में हालांकि उन्होंने नौ पायदान की छलांग लगाई है और वह 17वें स्थान पर पहुंचने में सफल रही हैं. वह ऑलराउंडरों की सूची में एक पायदान चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गई. इस साप्ताहिक अपडेट में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला के तीसरे और चौथे मैच तथा वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के दूसरे, तीसरे और चौथे मैच को शामिल किया गया. बल्लेबाजों की सूची में सोफिया डंकले 19 पायदान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर पहुंच गई है.



## प्रभास की हॉरर कॉमेडी फिल्म में संजय दत्त निभाएंगे दादा का किरदार


दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार प्रभास एक हॉरर कॉमेडी फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का शीर्षक अभी निर्धारित नहीं किया है। इसे फिल्ममेकर मारुती निर्देशित कर रहे है। ऐसी चर्चा है कि फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त की एंट्री को गई है। वह फिल्म में दादा की भूमिका में नजर आ सकते हैं। फिल्म को फिलहाल केवल तेलुगु में शूट किया जा रहा है। इसके दो शेड्यूल की शूटिंग हैदराबाद में हुई है। एक सूत्र ने बताया कि फिल्म में संजय एक दादा की महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। वहीं इसमें अभिनेत्री जरीना वहाब को मां और दादी की भूमिका में देखा जाएगा। फिल्म में जरीना एक अनदेखा अवतार में नजर आने वाली हैं। खबरों की मानें तो यह हॉरर कॉमेडी दादी, दादा और पोते के प्रमुख पात्रों पर आधारित है। इसमें इंडस्ट्री की तीन नई अभिनेत्रियां पर्दे पर नजर आ सकती हैं।

## पिंक आउटफिट में कृति सेनन की खूबसूरत तस्वीरें देखकर फैंस हुए बेकरार

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अपनी बोल्डनेस और खूबसूरती से फैंस के दिलों को बेताब करने का हुनर बखूबी जानती हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें आते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं। वहीं, एक्ट्रेस कृति सेनन ने थाई हाई स्लिट आउटफिट में अपने किलर लुक में कर्वी फिगर फ्लॉन्ट किया है। कृति सेनन पिंक कलर के थाई हाई स्लिट आउटफिट में कहर बरपा रही हैं। एक्ट्रेस कृति सेनन ने इस बोल्ड आउटफिट में बेहद ही कातिलाना पोज दिए, जो फैंस को काफी पसंद आ रहे हैं। डीपनेक आउटफिट में कृति सेनन बेहद बोल्ड और ग्लैमरस नजर आ रही हैं।



एक्ट्रेस की खूबसूरती को देखकर फैंस बेकाबू हो रहे हैं। साथ ही अपने दिल की मल्लिका बनाने को बेताब हैं। एक्ट्रेस फिल्मों के साथ ही सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। कृति सेनन अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस कृति सेनन को फिल्म मिमी के लिए इस साल बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड मिला है। इंस्टाग्राम में भी एक्ट्रेस की काफी फॉलोइंग हैं। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर 51.7 मिलियन फॉलोवर्स हैं। बेहद कम समय में ही बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक्ट्रेस ने अपनी एक अलग जगह बनाई है। वो बिजी अभिनेत्रियों में से एक हैं।



## रणवीर सिंह ने सर्कस फिल्म की शूटिंग के बारे में साझा किए अनुभव

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने अपनी फिल्म सर्कस की शूटिंग को लेकर कई सारे राज खोले और बताया कि कैसे उन्होंने रोहित शेट्टी की इस फिल्म में काम किया। फिल्म के प्रमोशन के लिए द कपिल शर्मा शो पर अपनी टीम के साथ पहुंचे रणवीर सिंह ने इस फिल्म को लेकर कई सारी बातें की और अपने अनुभव साझा किए। रणवीर सिंह ने कहा, इस फिल्म में करंट लगने वाली स्थिति की रोहित शेट्टी ने हमको बहुत सारी रिहर्सल कराई थी क्योंकि वह चाहते थे कि सीन बहुत साधारण हो क्योंकि यह एक ऐसा सीन है जिसको करने के लिए बहुत सारी चीजें ध्यान में रखनी पड़ती हैं। आगे रणवीर ने कहा, रोहित शेट्टी बहुत ही साधारण और वास्तिव बनाना चाहते थे इसीलिए हमने बहुत मेहनत की। यह बिजली का करंट लगने वाला सीन इतना आसान नहीं था कि बस हम जाएं, इलेक्ट्रिसिटी का तार पकड़ें और समझ जाएं कि कैसे एक्टिंग करनी है। बल्कि मैंने इसके लिए बहुत सारे तरीके अपनाए तब जाकर यह सीना किया। इसके साथ ही अभिनेता ने रोहित शेट्टी की और उनके फिल्म बनाने के कौशल भी तारीफ की, साथ ही कहा कि यह फिल्म सर्कस लोगों को बहुत पसंद आएगी।रणवीर की इस सर्कस फिल्म के मुख्य कलाकारों में जैकलीन, पूजा, वरुण शर्मा, अश्वनी साहित कई सितारे शामिल हैं। फिल्म में दीपिका पादूकोण का एक आइटम सॉंग भी है। द कपिल शर्मा शो सोनी एंटरटेनमेंट टीवी पर प्रासारित होता है।













# आरक्षण विवाद पर राय शुमारी की चर्चा

» भूपेश सरकार और राजभवन में आरक्षण संशोधन विधेयक पर संशय बरार,

» राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने राष्ट्रपति से की औपचारिक चर्चा,

» सीएम भूपेश बोले गईं हैं तो विधेयक पर साइन करवाकर आएं



**रायपुर,20 दिसम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ में आरक्षण संशोधन विधेयक को 9वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए राज्य सरकार और राजभवन में अब भी एक राय नहीं बन पाई हैं। आरक्षण के इस विवाद का खामियाज़ा प्रदेश के आरक्षित वर्ग के युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। इस बीच अचानक ही राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके राष्ट्रपति से औपचारिक मुलाकात के लिए पहुंची हैं। नए संशोधन विधेयक पर भी राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से चर्चा हुई है। सुश्री उइके ने इस प्रदेश की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी तथा 12 जनवरी 2023 को प्रदेश के प्रतिष्ठित शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर के स्थापना के 75वें वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित 'हीरक जयंती समारोह', एमिटी विश्वविद्यालय रायपुर के दीक्षांत समारोह तथा आदिवासी शिव संस्कृति समिति, जिला-नर्मदापुरम द्वारा 12 से 18 फरवरी 2023 को आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। राष्ट्रपति ने अपने निर्धारित कार्यक्रमों के अनुरूप यथासंभव आने की बात कही।

इधर राज्यपाल के राष्ट्रपति से मुलाकात पर सीएम भूपूष बघेल ने टिपण्णी कर चौंका दिया है। छ्रूभूपेश बघेल बोले:- राज्यपाल गई हैं तो राष्ट्पति को आरक्षण संशोधन विधेयक को 9वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए भी मना कर आना चाहिए।

सीएम के इस अंदाज़-ऐ-बयान पर साफ हो जाता है कि राज्यपाल और राजभवन फ़िलहाल प्रदेश सरकार के प्रस्तावित नए आरक्षण संशोधन विधेयक पर अब भी एक राय नहीं हैं। तुर्रा यह कि पांच सदस्यीय समिति भी गठित की गई है जो सभी उचित-अनुचित पहलुओं पर अध्ययन कर रही है। ऐसे में भूपेश मंत्री मंडल के वरिष्ठ मंत्रियों-विधायकों का आरक्षण विधेयक पर बयान के बाद राज्यपाल का राष्टपति से भेंट मुलाकात कई तरह के संशयों को जन्म देता है।

### प्रदेश की अपडेट और राष्ट्रपति को आमंत्रण

राजभवन से एक प्रेस नोट जारी कर बताया गया है कि राज्यपाल ने राष्ट्रपति से मिलकर प्रदेश की विभिन्न गतिविधियों से कराया अवगत, साइंस कॉलेज के हीरक जयंती समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। ऐसे में राज्य की गतिविधियों में फ़िलहाल सबसे संवेदनशील और आवश्यक प्रकरणों में से एक है आरक्षण संशोधन विधेयक 12 जनवरी 2023 को प्रदेश के प्रतिष्ठित शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर के स्थापना के 75वें वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित 'हीरक जयंती समारोह', एमिटी विश्वविद्यालय रायपुर के दीक्षांत समारोह तथा आदिवासी शिव संस्कृति समिति, जिला-नर्मदापुरम द्वारा 12 से 18 फरवरी 2023 को आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया।



राष्ट्रपति ने अपने निर्धारित कार्यक्रमों के अनुरूप यथासंभव आने की बात कही। राज्यपाल सुश्री उइके ने राजभवन की त्रैमासिक पत्रिका 'एक आशा' की प्रति भी भेंट की और राजभवन सचिवालय की नवाचार संबंधी गतिविधियों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु का शाल व स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिवादन किया।

# राक्षस कहने पर सीएम बोले भगवा रंग धारण किए है तो क्या त्याग किए हैं

» भेट मुलाक़ात कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री बिलाईगढ़ विधानसभा सोनाखान के लिए रवाना



**रायपुर,20 दिसम्बर 2022(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का 50 से ज्यादा विधानसभा का दौरा हो चुका है पूरा। हरियाणा के मंत्री के राक्षस कहने पर सीएम ने कहा की गेरुआ रंग भगुआ रंग सभी रंग एक त्याग का हिस्सा है। मैने बस ये पूछा की भगुआ रंग धारण किए है तो क्या त्याग किए है उसका जवाब तो दिए नही मुझे और राक्षस का सर्टिफिकेट दे दिए । आज सीएम ने दुखद घटना में ट्वीट किया इस पर कहा की जिनके माता पिता न हो उनके लिए सरकार की जिम्मेदारी है उन्हे संभाले ।

टी एस बाबा के भविष्य में मैं चुनाव को लेकर फैसला लूंगा इस बयान पर सीएम ने कहा की, ये कोई गलत बयान नहीं है सबका अधिकार है अपने भविष्य का फैसला लेना। भगवा रंग धारण अगर कर रहे है तो वो बताए उन्होंने त्याग क्या किया है भारतीय संस्कृति ने त्याग को सर्वोच्च स्थान दिया है और रही बात रंग की तो कोई रंग विरोध का प्रतीक नही होता है।

### बीजेपी बोली गुंडई कौन कर रहा है राज्य को कौन लूट रहा, सबको पता है

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने सीएम के भगवा रंग और प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने अजय चंद्राकर की सभा में पतराव पर दिया सख्त बयां।**

### बीजेपी ने कांग्रेस पर की ऐसी टिपण्णी वीडियो जारी

बीजेपी ने सीएम भूपेश बघेल के भगवा रंग और बजरंगियों पर की गई टिपण्णी पर पलटवार किया है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव ने कहा है कि भूपेश बघेल के बयान ने स्पष्ट कर दिया कि वह हिंदुओं से कितनी घृणा करते हैं। बजरंगी गुंडे हैं एवं भगवा पहनने वाले वसूली बाज है।

यह बयान बेहद आपत्तिजनक है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने मांग की है कि भूपेश बघेल अपने बयान पर माफी मांगे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय चंद्राकर की सभा में पथराव पर प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने भी बयान जारी कर कांग्रेस को लताड़ा है।

ओपी चौधरी ने कहा है कि कांग्रेस की निम्न स्तर की राजनीति का प्रमाण है यह वारदात, कांग्रेस डर गई है। भ्रष्टाचारी कांग्रेस के खिलाफ छत्तीसगढ़ के लोगों की आवाज बुलंद करते रहेंगे।




# क्या कांग्रेस छोड़ सकते हैं सिंहदेव!

## बोले सीएम बघेल-मीडिया बातें घुमा रही

**रायपुर,20 दिसम्बर 2022(ए)।** सूरजपुर में टीएस सिंहदेव के एक बयान पर प्रदेश में बवाल मचा हुआ है। सिंहदेव ने कल कहा था कि वो कार्यकर्ताओं से पूछकर भविष्य का फैसला करेंगे। इस बयान के बाद से सत्ते के गलियारे में कयासों का बाजार गर्म हो चला है।

इस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। मुख्यमंत्री ने हल्के फुल्के अंदाज में कहा है कि उन्होंने चुनाव लड़ने को लेकर अपने कार्यकर्ताओं से पूछने की बात कही है, लेकिन मीडिया में ये बातें घुमायी जा रही है।मुख्यमंत्री ने बगल में खड़े प्रेमसाय सिंह की तरफ इशारा करते हुए कहा कि प्रेमसाय सिंह उनसे भी सीनियर हैं, लेकिन वो कार्यकर्ता से पूछते हैं। मैं भी चुनाव लड़ूंगा, तो कार्यकर्ताओं से पुछूंगा, कि चुनाव लड़ना है या नहीं। मुख्यमंत्री बीजेपी की तरफ से आये बयान पर भी भाजपा पर निशाना साधा।

# विशेष धातु से निर्मित पहले ऑडियो विजुअल सेटअप वाले म्यूजियम का हुआ शुभारंभ



**रायपुर,20 दिसम्बर 2022(ए)।** भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज बलौदाबाजार जिले के बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में स्थित ग्राम सोनाखान पहुंचे, जहां पर उन्होंने छत्तीसगढ़ के शहीद वीरनारायण सिंह की स्मृति में बनाए गए इको टूरिज्म सर्किट एवं म्यूजियम का शुभारम्भ किया।

सोनाखान के कुर्रूपाठ के घने जंगलों में प्रकृति के बीच इस कलाकृति को आकार दिया गया है। यह प्रदेश में अपनी तरह का पहला ऐसा म्यूज़ियम है, जहां ऑडियो- विजुअल सेटअप और एक विशेष धातु कॉर्टेन स्टील के माध्यम से शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनी को प्रदर्शित किया गया है।

सन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले शहीद वीरनारायण सिंह की गौरव गाथा को प्रदर्शित करने के लिए एक विशेष तरह के कॉर्टेन स्टील का प्रयोग किया गया है। बताया गया कि कॉर्टेन स्टील एक तरह का ऐसा मेटल है, जिसमें पहले से जंग की एक परत लगी हुई होती है। खास बात यह है कि यह धातु प्रकृति को हानि नहीं पहुंचाती। कुर्रूपाठ पहाड़ की हरियाली के बीच इसकी नयनाभिराम सुंदरता देखते ही बनती है।

कॉर्टेन स्टील के बने लम्बे और सुंदर पैनल्स पर शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनी उकेरी गई है, जिसका अवलोकन दिन के उजाले के साथ ही रात में भी देखा जा सकता है। लाइट के अद्भुत सेटअप इसे खास और अलग बनाते हैं। सभी पैनल एक ऑडियो सेटअप के साथ है जहां सोनाखान के पराक्रमी शहीद वीर नारायण सिंह के जन्म से लेकर क्रांति और बलिदान को सुना जा सकता है। यह ऑडियो हिंदी, अंग्रेज़ी और छत्तीसगढ़ी भाषा में उपलब्ध है। पर्यटक अपनी पसंद मुताबिक ऑडियो की भाषा का चयन कर सकता है। देश में कॉर्टेन स्टील का उपयोग विभिन्न महान परियोजनाओं में कलाकृतियां बनाने के लिए किया जा चुका है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, बिहार म्यूज़ियम और कई देशों के प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट में इसका उपयोग किया गया है। इस नवाचार से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और रोज़गार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

# एकला चलो की नीति से व्यथित कांग्रेसी, दिखने लगा आक्रोश:नारायण चंदेल



**रायपुर,20 दिसम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे पास आ रहे हैं। वैसे-वैसे प्रदेश की सियासत भी अपने रंग बदल रही है। अब कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता और कैबिनेट मंत्री टीएस सिंहदेव ने विधानसभा चुनाव से पहले अपने लिए निर्णय लेने की बात कह कर एक बार फिर से विपक्ष को एक और मौका दे दिया है। बता दें कि मंत्री टीएस सिंहदेव ने अपने मन की बात कहते हुए आगामी चुनाव से पूर्व अपने भविष्य के लिए निर्णय लेने की बात कही है। वहीं बीजेपी इसको भुनाने का कोई रास्ता छोड़ती नजर नहीं आ रही है।

भाजपा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि भूपेश बघेल की एकला चलो की नीति से व्यथित होकर कांग्रेस का आक्रोश सतह पर आने लगा है। पहले भी प्रधानमंत्री आवास न बना पाने के कारण और अपनी अनदेखी के चलते टीएस सिंहदेव ने पंचायत विभाग से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस के जन घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष होने के नाते जनता से किए वादे पूरे न होने के कारण अब जगह-जगह इन्हे शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है।

# छत्तीसगढ़ में अब और बढ़ने वाली है ठंड



**रायपुर,20 दिसम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ में मौसम परिवर्तन का असर अब दिखने लगा है। दिसंबर महीने के तीसरे सप्ताह के बाद से ही राज्य के कई इलाको में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी। प्रदेश में उत्तर से शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है। जिसके चलते आज छत्तीसगढ़ में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट होने की संभावना जताई जा रही है।

वहीं मौसम विज्ञानियों का कहना है कि प्रदेश में 23 दिसंबर के बाद तेज गति से ठंड बढ़ने वाली है। अंबिकापुर, मैनपाट, चिरमिरी और कोरिया जैसे इलाको में न्यूतम तापमान में भारी गिरावट आने की संभावना है। वहीं रायपुर और बलौदाबाजार जैसै इलाकों में ठंडी बढ़ने की संभावना है।

# बिलासा एयरपोर्ट में घुसे सियार,रनवे पर मुर्गा बांधकर लगाए पिंजरे

**बिलासपुर ,20 दिसम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर चकरभाठा स्थित बिलासा एयरपोर्ट में रनवे के आसपास सियार के दिखने के बाद एयरपोर्ट प्रबंधन ने सुरक्षा की दृष्टि से मुर्गा बांधकर पिंजरे लगाए हैं ताकि उन्हें कैद किया जा सके। फ्लाइट उड़ान भरने वाली हो और उसी समय सियार आ जाए तो इससे बड़ा हादसा हो सकता है। इसके लिए प्रबंधन ने वन विभाग से मदद मांगी है।

जानकारी के अनुसार प्रबंधन की मांग पर वन विभाग ने आनन-फानन में दो पिंजरे बनाए गए। उनमें मुर्गा बांधकर ऐसी जगह पर रखा गया है, जहां मुर्गे खाने के लालच में जैसे ही सियार पहुंचे पिंजरा का दरवाजा बंद हो जाए और उन्हें पकड़ लिया जाए।



बता दें कि जिस जगह पर एयरपोर्ट है, उसके पीछे के क्षेत्र में जंगल झाड़ी है। इसलिए वन्य प्राणियों का भी मूवमेंट रहता है। चीतल के अलावा लकड़बग्घा और सियार भी कई बार देखे गए हैं। कई बार सूचना मिलने के बाद वन मंडल व कानन पेंडारी जू की टीम रेस्क्यू करने के लिए सर्चिंग कर चुकी है। अभी तो गांव व सड़क के आसपास ही देखे जाते थे। हालांकि रनवे में सियार पहुंचे या नहीं, अब तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

मामला एयरपोर्ट का होने के कारण डीएफओ ने कानन पेंडारी जू प्रबंधन को निर्देश दिया कि सियार का रेस्क्यू करना है। इसके बाद जू प्रबंधन ने दो पिंजरा बनवाया और सोमवार को उन्हें एयरपोर्ट परिसर में उस जगह पर रख दिया गया है, जहां सियार की गतिविधियां हैं।

# जनपद सीईओ का एक ही मामले में 2 बार कर दिया निलंबन,हाई कोर्ट ने दे दिया स्टे



**कोरबा ,20 दिसम्बर 2022(ए)।** जिले के जनपद पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीके मिश्रा को पिछले दिनों आर्थिक अनियमितता के एक ही मामले में दोबारा निलंबित करने का आदेश जारी किया गया था। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग मंत्रालय रायपुर के द्वारा किए गए इस निलंबन के विरुद्ध छ्श्रह ने उच्च न्यायालय बिलासपुर की शरण ली। जिसकी सुनवाई करते हुए निलंबन पर स्थगन आदेश जारी किया गया है।

यह मामला नियम विरुद्ध तरीके से निर्माण कार्यो के लिए आदेश जारी करने और भुगतान से संबंधित था। चुनाव के दौरान किये गए गए उक्त कृत्य को अवैधानिक मानते हुए जीके मिश्रा को निलंबित कर दिया गया था। तब भी मिश्रा ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। तब कोर्ट ने उन्हें विभाग प्रमुख के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करने का आदेश जारी किया था।

वर्तमान में यह मामला फिर प्रकाश में आया, जब पूर्व गृह मंत्री और भाजपा विधायक ननकी राम कंवर ने मामले में कार्रवाई की मांग की। इस मामले में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग मंत्रालय रायपुर के द्वारा पूर्व में की गई कार्रवाई की जानकारी लिए बिना ही सीईओ जीके मिश्रा को दोबारा निलंबित कर दिया गया। इस बार भी मिश्रा निलंबन के खिलाफ हाईकोर्ट में गए। संयोग इस बात की थी कि यह मामला भी उन्हीं न्यायाधीश के न्यायालय में प्रस्तुत हुआ जहां पूर्व में इसकी सुनवाई हुई थी। न्यायाधीश ने पुराने प्रकरण का स्मरण करते हुए सवाल उठाया कि एक ही प्रकरण में किसी को दो बार कैसे निलंबित किया गया। उन्होंने इस मामले में विभाग को 4 माह में जवाब प्रस्तुत करने का नोटिस जारी करते हुए जीके मिश्रा के निलंबन पर स्टे आदेश दे दिया।

उच्च न्यायालय द्वारा जारी उक्त आदेश के पालन में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजीव झा के द्वारा जीके मिश्रा का निलंबन स्थगित कर उन्हें जनपद पंचायत कोरबा का प्रभार पुनः सौंप दिया गया है। आदेश उपरांत सीईओ ने पदभार भी संभाल लिया है।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)